2024 चुनाव का पर्व

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

# उत्तर प्रदेश में वोटिंग ने पकड़ी रफ्तार

## प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए लगी कतारें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आठ सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गए। मतदान शाम छह बजे तक होगा। इनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, रामपुर, नगीना (अजा), मुरादाबाद और पीलीभीत लोकसभा सीट शामिल हैं। इन आठ सीटों पर 80 प्रत्याशी चुनाव मैंदान में हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की आठ सीटों में से चार भाजपा, तीन बसपा और एक सपा ने जीती थी। इस बार कई दिग्गजों की परीक्षा है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर मतदान जारी है। उत्तर प्रदेश में सुबह 11 बजे तक 8 सीटों पर 25.20 प्रतिशत मतदान हुआ था।

लोकसभा चुनाव में आज से 47 दिन के महापर्व की शुरुआत हो गई है। पहले चरण में उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर मतदान हो रहा है. इनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत शामिल हैं। इन सीटों पर कुल 80 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। यूपी की जिन 8 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। जिन दिग्गजों की साख दांव पर है यानी चुनाव में उम्मीदवार हैं, उनमें केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, यूपी सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, कैराना से सांसद प्रदीप चौधरी, नगीना से बीजेपी के ओम कुमार, बिजनौर से एनडीए समर्थित और रालोद उम्मीदवार चंदन चौहान का नाम शामिल है. चंदन और ओम कुमार विधायक भी हैं। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे चलेगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### वोटिंग का नया रिकार्ड बनाएं : पीएम



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव आज से शुरू हो रहा है. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं. पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें. लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है।



### 8 निर्वाचन क्षेत्र में 11 बजे तक का मतदान प्रतिशत

- सहारनपुर - 29.84 %
- कैराना- 25.89 %
- मुजफ्फरनगर- 22.62 %
- बिजनौर- 25.50 %
- नगीना (अजा)- 26.89 %
- मुरादाबाद- 23.35 %
- रामपुर- 20.71 %
- पीलीभीत- 26.94 %

### सहारनपुर में नकुड़ के सरूरपुर तगा में EVM मशीन खराब

- सहारनपुर के नकुड़ के सरूरपुर तगा में ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना है। बूथ संख्या 227 पर ईवीएम मशीन खराब होने की बात सामने आ रही है। बूथ संख्या 227 कैराना लोकसभा क्षेत्र में आती है। सहारनपुर सीट से 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से 14 हजार 570 पुलिसकर्मी जिलेभर में तैनात किए गए हैं। हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा का कड़ा पहरा है। शाम छह बजे के बाद ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल वेयर हाउस में जमा कराया जाएगा। रामपुर के वाल्मीकि जूनियर हाई स्कूल बूथ पर वोटिंग शुरू हो गई है। सुबह सात बजे से ही लोग बूथ पर पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### आपका वोट भारत को सशक्त बनाएगा : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया है और लिखा, आज लोकतंत्र के महापर्व का प्रथम चरण है। सभी सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए, 'नए भारत' की अविराम विकास यात्रा के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट 'भारत' को और अधिक सशक्त बनाएगा। इसलिए ध्यान रहे, पहले मतदान, फिर जलपान।

### अखिलेश बोले- वोट जरूर डालें



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी वोटिंग की अपील की है. अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, अपने सुनहरे भविष्य के लिए वोट ज़रूर डालें।

### चन्द्र शेखर आजाद ने की शिकायत

आसपा के अध्यक्ष चन्द्र शेखर आजाद मतदान केन्द्रों पर छोटी पर्चियों से मतदान न करने की शिकायत पर खालसा इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचे, जहां उन्होंने जिला अधिकारी को फोन पर शिकायत दर्ज कराते हुए पर्चियां से मतदान ईवीएम के लेट शुरू होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने जनता का रुझान 70 फीसदी अपने पक्ष में होना बताते हुए नगीना लोकसभा सीट पर बदलाव की बात कही।

### वोटर लिस्ट में कई मुस्लिम मतदाताओं का नाम नहीं

रामपुर लोकसभा में बूथ संख्या 129 पर वोटर लिस्ट में कई मुस्लिम मतदाताओं का नाम नहीं है। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने और निष्पक्ष मतदान की मांग की है।

### मुजफ्फरनगर में मतदान कुछ देर के लिए प्रभावित

- मुजफ्फरनगर जनपद के डीएवी इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 6 पर ईवीएम खराब होने पर मतदान कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ है। वहीं, सहारनपुर के नकुड़ में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी मतदान केंद्र पर पहुंचे और यहां बाहर खड़े कार्यकर्ताओं से बात की।

### लोकसभा की 102 सीटों पर वोटिंग जारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश सहित 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। कुल संसदीय क्षेत्रों के 19 फीसदी सीटों पर मतदान जारी है। 44 दिनों की लोकतांत्रिक यात्रा एक जून तक चलेगी। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा की 92 सीटों के लिए भी वोट डाले जा रहे हैं। उत्तराखंड की सभी पांच लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। वहीं बिहार की 4, मध्य प्रदेश की 6, राजस्थान की 12 तथा तमिलनाडु की सभी (शेष पृष्ठ-4 पर)



दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने आज नागपुर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। चेन्नई के अलवरपेट में तमिलनाडु सरकार के मंत्री और DMK नेता उदयनिधि स्टालिन ने वोट डाला।



उधमपुर, जम्मू-कश्मीर में शादी के बाद नवविवाहिता जोड़ा वोट डालने पहुंचा। इस अवसर पर दुल्हन राधिका शर्मा ने कहा कि कल हमारी शादी का समारोह हुआ और आज विदाई की रस्मों के बाद, मैंने अपने पति से कहा कि हमें अपना वोट अवश्य डालना चाहिए...मैं सभी को बता दूंगी कि उन्हें अपना वोट बर्बाद नहीं करना चाहिए।

### मुजफ्फरनगर में दुल्हन डालने पहुंची वोट



लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपना वोट डालने के लिए मुजफ्फरनगर में मतदान केंद्र संख्या 193-194 पर एक दुल्हन पहुंची। दुल्हन ने कहा कि चुनाव में वोट डालना हर नागरिक का अधिकार है।

# दो शहजादों को नकार चुका है देश : मोदी

## गजरौला में प्रधानमंत्री की जनसभा

**अमरोहा ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जहां सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी घूम रही है, उनकी फिल्म शूटिंग चल रही। वह हमारी आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। और विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# निर्माणाधीन फैक्टरी में बना रहे थे अवैध हथियार

## पंखिया गिरोह के वांछित अपराधी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के फत्तेहगढ़ व शाहजहांपुर गंगा कटारी में घरों में चोरी व डकैती करने वाले कुख्यात पंखिया गिरोह को हथियार सप्लाई करने वाले दो बदमाशों को थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे थे। इनके पास से बड़ी मात्रा में बने हुए हथियार तथा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं।

ईकोटेक-1 थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि चुनाव के चलते की जा रही चैकिंग के दौरान सूचना मिली कि पंखिया गिरोह के कुछ सदस्य इलाके में सक्रिय हैं और अवैध फैक्टरी चला रहे हैं। दोनों के खिलाफ बीटा-2 में मुकदमा भी दर्ज है। सूचना पर पुलिस टीम टेकजोन-1 में निर्माणाधीन फैक्टरी के पास पहुंचे। फैक्टरी बंद पडी हुई थी लेकिन बिल्डिंग की एक साइट की दीवार टूटी हुई थी। पुलिस ने बिल्डिंग में घुसकर जब तलाशी ली तो उन्हें दो लोग बिल्डिंग के बेसमेंट में नजर आए। पुलिस ने मौके पर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम जुबेर पुत्र इदरीश निवासी नई आबादी दादरी तथा मसील पुत्र नसीबुल निवासी सेक्टर-122 जनता फ्लैट बताया।

दोनों बदमाशों ने बताया कि वह लोग फत्तेहगढ़ व शाहजहांपुर में सक्रिय पंखिया गिरोह से जुड़े हैं और उन्हें आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए हथियार सप्लाई करते हैं। गिरफ्तार जुबेर पर 11 मुकदमें दर्ज हैं। बीते दिनों चैकिंग के दौरान बीटा-2 पुलिस ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो वह अपना ऑटो छोड़कर भाग गए और काफी दिनों तक इलाके में छिपे रहे। पुलिस ने इनके पास से दो प्लास्टिक के थैले व एक वैंडिंग मशीन, तमंचा बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं।

# डीएनडी पर कार डिवाइडर से टकराई, इंजीनियर की मौत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के डीएनडी पर देर रात दर्दनाक हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई है। जबकि एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए।

नोएडा के कोतवाली फेज-वन क्षेत्र में डीएनडी के पास देर रात डिवाइडर से हुंडई एक्सेट्रा कार टकरा गई। इस एक्सीडेंट में सिद्धार्थ पुत्र करन यादव निवासी डीडीए फ्लैट विकासपुरी दिल्ली, रजत पुत्र जगदीश भारद्वाज निवासी जगतपुरी दिल्ली, प्रकांशिका पुत्री रमित निवासी जनकपुरी दिल्ली व चिराग घायल हो गए। कैलाश अस्पताल में उपचार के दौरान सिद्धार्थ की मौत हो गई। सिद्धार्थ पेशे से इंजीनियर बताया जाता है।

हालांकि राहत की बात यह थी कि हादसे के दौरान कोई और वाहन नहीं टकराया। वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने गंभीर रूप से घायल चारों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घायलों को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया।

# बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने किया नोएडा क्षेत्र का तूफानी दौरा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता, कार्यकर्ता तथा प्रत्याशी सब जोश में नजर आ रहे हैं। बृहस्पतिवार को बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने नोएडा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान श्री सोलंकी नोएडा क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचे और लोकसभा चुनाव में जिताने की अपील करते हुए नोएडा क्षेत्र के नागरिकों से वोट मांगे। इस दौरान बसपा के नेताओं ने दावा किया है कि इस बार क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी को मिल रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# महात्मा हंसराज जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएवी पब्लिक स्कूल नोएडा में आज आर्य समाज के सशक्त स्तंभ महात्मा हंसराज की जयंती के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने महात्मा हंसराज के जीवन परिचय व आदर्शों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने गायत्री मंत्र के गायन के साथ कार्यक्रम आरंभ किया। भजन, वेदों तथा आर्यसमाज के सिद्धांतों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चित्राकांत तथा सभी अध्यापकों ने महात्मा हंसराज के आदर्शों को अपने जीवन मे उतारने की प्रेरणा दी तथा कहा कि परिवार व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए अनुशासन,मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। विद्यालय में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय आत्मिक तथा सात्विक भाव उत्पन्न करते हैं।



# दिल्ली-हरियाणा की शराब की यूपी में लगाते थे ऊंची कीमत



**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में बनी शराब को नोएडा और उसके आसपास के इलाकों में ऊंची कीमत में बेचने वाले दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों की कार में तस्करी की 22 पेटी शराब भरी हुई थी। थाना फेस-1 पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना पर पुलिस ने चैकिंग (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning Well Equipped Library GPS Enable Buses

## सेहत के दावे

यह विडंबना है कि देश में नियामक कानून न होने की वजह से अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां बच्चों की सेहत बनाने के दावे के साथ मुनाफे का कारोबार करती रही हैं। जिसमें बोर्नविटा और इसी तरह के बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय पदार्थ भी शामिल रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को हाल ही में निर्देश दिया है कि बोर्नविटा और इसी तरह के पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाया जाए। निश्चित रूप से इस कदम से ऐसे उत्पादों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच के बाद सामने आया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्वास्थ्य पेय की कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं थी। जिसका फायदा कारोबारी कंपनियां अपने उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक बताकर उठाती रही हैं। कैसी विडंबना है कि जिस उत्पाद को कंपनियां स्वास्थ्यवर्धक बताकर वर्षों तक अभिभावकों से मुनाफा कमाती रही, वही उत्पाद बच्चों के लिये स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी पेश करता रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी महीने की शुरुआत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खुलासा किया था कि डेयरी, अनाज या माल्ट आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य या ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के रूप में लेबल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के नाम पर बड़ा गोरखधंधा होता रहा है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक पेय के नाम पर अतिरिक्त कीमत वसूली जा रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की सार्थक पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा उपभोक्ताओं के दोहन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। निश्चित रूप से तंत्र की काहिली और निगरानी करने वाले विभागों की मिलीभगत से यह खेल दशकों से बदस्तूर जारी था। देर से ही सही, तंत्र ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिये पहल की और विश्वास किया जाना चाहिए कि अन्य मामलों में भी उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्यवर्धक बताकर बेचा जा रहा बोर्नविटा तब विवादों में घिर गया था जब इसके पोषण संबंधी दावों, खासकर इसमें मौजूद चीनी की मात्रा के बाबत सवाल पूछे गए थे। इस विवाद ने ही कालांतर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स की हकीकत का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत बतायी। सवाल उठे कि कैसे ऐसे उत्पादों की बिक्री और लेबलिंग की जा रही है। हालांकि, बोर्नविटा ने इस प्रतिक्रिया और विवाद के बाद अपने उत्पाद में चीनी की मात्रा को घटाया था। लेकिन भ्रामक आधार पर स्वास्थ्यवर्धक की लेबलिंग के मुद्दे ने पूरे उद्योग जगत को अपने निशाने पर ले लिया। उल्लेखनीय है कि बाजार में 'एनर्जी ड्रिंक' शब्द विशेष रूप से कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों तरह के स्वाद वाले पानी आधारित पेय पदार्थों को संदर्भित करता है। विडंबना यह है कि इन पेय पदार्थों को अकसर स्वास्थ्य पेय के नाम पर बाजार में उतारा जाता है और सामान्य पेय पदार्थों की तुलना में इनकी कीमत अधिक रखी जाती है। जबकि इन पेय पदार्थों में चीनी की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती पैदा करती है। खासकर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। जिसमें छोटी उम्र में मोटापा, मधुमेह और दांतों से जुड़े कई रोग पैदा हो सकते हैं। दरअसल, देश में इन उत्पादों को लेकर नियामक दिशानिर्देश के अभाव से इस समस्या को विस्तार मिला है। जिसके चलते उपभोक्ता भ्रामक विज्ञापनों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रूप से नये स्पष्टीकरण निर्देशों से उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों को चुनने के लिये नये विकल्प मिल सकेंगे। निस्संदेह, भविष्य में सरकार व अन्य हितधारकों को खाद्य उत्पादों की लेबलिंग और वर्गीकरण के लिये व्यापक मानक स्थापित करने होंगे। निश्चित रूप से नियामक संस्थाएं लेबलिंग के लिये निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को जिम्मेदार ठहराकर नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में सार्थक पहल कर सकती हैं। यह पहल जितनी जल्दी संभव हो, जनहित में की ही जानी चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सोऽहमस्मि ( वह ब्रह्म मैं हूँ ) यह जो अखंड ( तैलधारावत कभी न टूटने वाली ) वृत्ति है, वही ( उस ज्ञानदीपक की ) परम प्रचंड दीपशिखा ( लौ ) है। ( इस प्रकार ) जब आत्मानुभव के सुख का सुंदर प्रकाश फैलता है, तब संसार के मूल भेद रूपी भ्रम का नाश हो जाता है, ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**प्रबल अबिद्या कर परिवारा। मोह आदि तब मिटइ अपारा॥**
**तब सोइ बुद्धि पाइ उँजिआरा। उर गृहँ बैठि ग्रंथि निरुआरा॥**

और महान बलवती अविद्या के परिवार मोह आदि का अपार अंधकार मिट जाता है। तब वही (विज्ञानरूपिणी) बुद्धि (आत्मानुभव रूप) प्रकाश को पाकर हृदय रूपी घर में बैठकर उस जड़ चेतन की गाँठ को खोलती है॥

**छोरन ग्रंथि पाव जौं सोई। तब यह जीव कृतारथ होई॥**
**छोरत ग्रंथ जानि खगराया। बिघ्न नेक करइ तब माया॥**

यदि वह (विज्ञान रूपिणी बुद्धि) उस गाँठ को खोलने पावे, तब यह जीव कृतार्थ हो, परंतु हे पक्षीराज गरुड़जी! गाँठ खोलते हुए जानकर माया फिर अनेकों विघ्न करती है॥

**रिद्धि-सिद्धि प्रेरइ बहु भाई। बुद्धिहि लोभ दिखावहिं आई॥**
**कल बल छल करि जाहिं समीपा। अंचल बात बुझावहिं दीपा॥**

हे भाई! वह बहुत सी ऋद्धि-सिद्धियों को भेजती है, जो आकर बुद्धि को लोभ दिखाती हैं और वे ऋद्धि-सिद्धियाँ कल (कला), बल और छल करके समीप जाती और आँचल की वायु से उस ज्ञान रूपी दीपक को बुझा देती हैं॥

**होइ बुद्धि जौं परम सयानी। तिन्ह तन चितव न अनहित जानी॥**
**जौं तेहि बिघ्न बुद्धि नहिं बाधी। तौ बहोरि सुर करहिं उपाधी॥**

यदि बुद्धि बहुत ही सयानी हुई, तो वह उन (ऋद्धि-सिद्धियों) को अहितकर (हानिकर) समझकर उनकी ओर ताकती नहीं। इस प्रकार यदि माया के विघ्नों से बुद्धि को बाधा न हुई, तो फिर देवता उपाधि (विघ्न) करते हैं॥

**इंद्री द्वार झरोखा नाना। तहँ तहँ सुर बैठे करि थाना॥**
**आवत देखहिं बिषय बयारी। ते हठि देहिं कपाट उघारी॥**

इंद्रियों के द्वार हृदय रूपी घर के अनेकों झरोखे हैं। वहाँ-वहाँ (प्रत्येक झरोखे पर) देवता थाना किए (अड्डा जमाकर) बैठे हैं। ज्यों ही वे विषय रूपी हवा को आते देखते हैं, त्यों ही हठपूर्वक किवाड़ खोल देते हैं॥

(क्रमशः....)

# कांग्रेस का सिमटता प्रभाव और खतरनाक सोच

कर्नाटक विधानसभा में पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके सुरेश ने कहा कि केंद्र सरकार दक्षिण भारत के राज्यों को कम पैसा मुहैया करवाती है। इससे हो सकता है कि हम दक्षिण के राज्य भविष्य में भारत से अलग होने की सोचें। वैसे तो पूछा जा सकता है कि सुरेश बाबू को दक्षिण के राज्यों का प्रतिनिधि किसने बनाया? तमिलनाडु में कांग्रेस कामराज के बाद से लुप्त प्रजाति में शामिल हो चुकी है। डीएमके चुनाव के मौसम में उसे कन्धे पर इस लहजे में उठा लेती है जैसे नई पीढ़ी के ज्ञान के लिए ऐतिहासिक चीजों का प्रदर्शन किया जाता है। लेकिन सुरेश बाबू ने जब से यह रहस्योद्घाटन किया है तब से कम से कम प्रदेश में कांग्रेस के लोगों में यह भय बैठ गया है कि कहीं पार्टी विभाजन को लेकर किसी एजेंडा पर तो नहीं चल रही? पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस की एक विशाल जनसभा हो रही थी। उसमें कांग्रेस में सोनिया गान्धी परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भी मंचासीन थे। कांग्रेस के एक विधायक लक्ष्मण संवादी भी मंच पर थे। वे भाषण दे रहे थे। उनके मन में इच्छा हो रही थी कि वे मंच पर से 'भारत माता की जय' का नारा लगाएं। लेकिन डर रहे थे कि कहीं इस नारे से पार्टी अध्यक्ष बुरा न मान जाएं। कुछ देर तक लक्ष्मण के मन में डर और श्रद्धा के बीच द्वन्द्व चलता रहा होगा। लेकिन अन्त में राष्ट्रीयता की जीत हुई। उन्होंने मंच पर से ही मल्लिकार्जुन खडगे से पूछा कि यदि आप बुरा न मनाएं तो मैं 'भारत माता की जय' का एक नारा लगा लूं। आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता जानते हैं कि अब पार्टी में 'भारत माता की जय' या 'जय श्री राम' का जयघोष करना खतरे से खाली नहीं है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि कांग्रेस का आम कार्यकर्ता तो देश को अखंड रखने के लिए या फिर अखंड भारत के लिए लालायित है, लेकिन उसका नेतृत्व अपने संकुचित राजनीतिक हितों के लिए भारत को तोडने की हद तक भी जा सकता है।

महात्मा गांधी से लेकर सोनिया परिवार तक की यह यात्रा सचमुच चौंकाती है। यह यात्रा रघुपति राघव राजा राम से शुरू हुई थी और राम मंदिर के निर्माण के विरोध तक ही नहीं, बल्कि राम के अस्तित्व को ही नकारने तक पहुंच गई है। यही कारण है कि पार्टी प्रधान की हाजिरी में कांग्रेस का विधायक 'भारत माता की जय' का नारा लगाते हुए भी डरता है कि कहीं पार्टी एक्शन न ले ले। दरअसल पिछले कुछ अरसे से भाजपा ने जनसंघ के समय से चले आ रहे अपने अखंड भारत के संकल्प को ज्यादा जोर से कहना शुरू कर दिया है। तब भी शायद कोई इसको ज्यादा तवज्जो न देता यदि भाजपा ने भारतीय संविधान में से अनुच्छेद 370 को न हटा दिया होता। इससे लोगों में यह विश्वास जगने लगा है कि पार्टी



घोषणा पत्र/संकल्प पत्र में जो लिखती है, उसे पूरा करती है। चाहे उसमें कितना ही समय क्यों न लगे। इसके पहले चरण में तो पाकिस्तान के कब्जे से वे इलाके मुक्त करवाना है जो उसने 1947 में कश्मीर पर हमला करके भारत से छीन लिए थे। इसके संकेत प्रधानमंत्री मोदी अनेक बार दे भी चुके हैं। इससे पाकिस्तान का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। लेकिन लगता है पाकिस्तान से ज्यादा चिंता इससे कांग्रेस के नेतृत्व को हो रही है। उस चिंता को व्यक्त करने का तरीका सामान्य नहीं है। उसका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी देश को विभाजित करना चाहती है। आरोप इस प्रकार का है कि आम भारतीय को यह हज्म नहीं होता।

सोनिया गांधी परिवार ने ऐसा आरोप मुस्लिम लीग या सीपीएम पर लगाया होता तो शायद भारत के लोग इस पर ज्यादा आश्चर्यचकित न होते। लेकिन यह परिवार ऐसा नहीं कर सकता, क्योंकि इन दोनों के साथ केरल में परिवार का राजनीतिक समझौता है। इसलिए उसने यह आरोप भाजपा पर लगाना आसान मान लिया। लेकिन भाजपा आखिर विभाजन करवाना कैसे चाहती है? परिवार का कहना है कि भाजपा नार्थ-साऊथ डिवाइड के रास्ते पर चल रही है। लेकिन लोग आखिर इसके लिए प्रमाण की मांग करेंगे ही। वैसे यह जरूरी नहीं है कि राहुल गांधी जो भी कहते रहते हैं, उसके लिए कुछ प्रमाण भी उनके पास होते ही हों। वे स्वयं को इस प्रकार के सभी बंधनों से आजाद मानते हैं। सुरेश बाबू का तर्क यदि गहराई से देखा जाए तो कुछ बातें स्पष्ट हो रही हैं। कांग्रेस का कहना है कि 1. उत्तर भारत, पश्चिमी भारत और कुछ सीमा तक पूर्वी भारत के लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट देते हैं, इसलिए केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है। 2. दक्षिणी प्रान्तों के लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देते, इसलिए भारतीय जनता पार्टी इन दक्षिणी क्षेत्रों से नाराज है। 3. भारतीय जनता पार्टी अपनी यह नाराजगी इन दक्षिणी राज्यों से बदला लेकर निकालती है। बदला लेने का तरीका यही अपनाती है कि इन राज्यों को कम पैसा आवंटित किया जाता है। 4. कांग्रेस के वरिष्ठ मंत्री डीके सुरेश इसका एक ही हल बताते हैं कि फिर दक्षिण के राज्यों को देश से अलग होना पड़ेगा। सुरेश बाबू के तर्कों को निश्चय ही देखना पड़ेगा।

सुरेश बाबू कर्नाटक से ताल्लुक रखते हैं। कर्नाटक में मुख्य रूप से दो ही राजनीतिक दल हैं। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस। वहां एक बार भाजपा और दूसरी बार कांग्रेस सत्ता में आती है। इससे कोई भी अक्लमंद आदमी यह तो नहीं कहेगा कि कर्नाटक के लोग भाजपा को वोट नहीं देते। दूसरा उदाहरण तेलंगाना का ले सकते हैं। तेलांगना में मुख्य रूप से तीन राजनीतिक दल हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी। इन तीनों दलों को कुछ अंतर से सम्मानजनक वोट मिलते हैं। इसलिए तीनों राजनीतिक दलों की स्थिति राज्य में बराबर है। शेष दक्षिण के तीन राज्य हैं आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की स्थिति लगभग बराबर ही है। इन दोनों की स्थिति नगण्य है। इसका अर्थ हुआ कि दक्षिण के राज्यों में भाजपा और कांग्रेस की स्थिति लगभग बराबर ही है। फिर सुरेश बाबू किस हैसियत से मानते हैं कि कांग्रेस को सभी दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधि के तौर पर बोलने का अधिकार है।

सुरेश बाबू एक बात शायद भूल रहे हैं कि पिछले दिनों जब राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस का एक प्रत्याशी जीता था, तो कर्नाटक विधानसभा के भीतर ही उसके समर्थकों ने खुशी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। तब कांग्रेस के ही कुछ बड़े लोगों ने उसकी निंदा करने की बजाय यह तर्क दिया था कि पाकिस्तान हमारा मित्र देश है, उसकी बात करना गलत कैसे हो गया? शायद उसी के कारण कांग्रेस के आम कार्यकर्ता के मन में कहीं न कहीं डर बैठ गया है कि भारत माता की जय से कांग्रेस नेतृत्व चिढ़ता है और पाकिस्तान जिंदाबाद से नाराज नहीं होता। अंबेडकर को शायद कांग्रेस से इसी बात का अंदेशा था। इसीलिए उन्होंने संविधान सभा में अपने अंतिम संबोधन में चेतावनी दी थी कि हमें इस प्रकार की वृत्तियों से सावधान रहना होगा। इसी के कारण हमारा देश पूर्वकाल में गुलाम होता रहा है। हम अपने निजी स्वार्थों के कारण आपस में ही लडने लगे रहते हैं और विदेशी दुश्मन इसका लाभ उठाते हैं। आज लगता है अंबेडकर को जिस बात का डर था, कांग्रेस नेतृत्व अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के कारण उसी रास्ते पर चल पड़ा है। पिछले कुछ सालों से राहुल गांधी के बयानों को भी इसी गहरी नजर से देखना चाहिए। वह अमरीका के लोगों को बताते रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान समर्थक इस्लामी आतंकवादियों से इतना डर नहीं है जितना राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से। सौभाग्य है कि कांग्रेस का आम कार्यकर्ता और देश की जनता कांग्रेस नेतृत्व की भारत को विभाजित करने की इस थ्यूरी से सहमत नहीं है। यही कारण है कि वह कांग्रेस नेतृत्व की इस देश विरोधी रणनीति से सचेत होकर उसे नकार रही है।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

# नशे को न कह कर जिंदगी जीएं शान से

नशा हमारे समाज में किसी चुनौती से कम नहीं है। नशे के बारे में आए दिन कोई न कोई खबर समाचारपत्र, रेडियो, टेलीविजन में देखने सुनने और पढने को मिलती है। नशे में सबसे अधिक हमारे देश का युवा गिरफ्त में फंसता जा रहा है। युवा जिसे देश का भविष्य कहा जाता है, समझा जाता है और भविष्य होते भी हैं, उस देश का युवा समझदार होते हुए भी नशे के आगे नासमझ बनता जा रहा है। नशे के आगे बेबस हो चुका है और इस बेबसी में एक कमजोर कड़ी के रूप में अपने व अपने शरीर को तबाह कर रहा है। शुरुआती दौर में युवा वर्ग नशे को शौकिया तौर पर लेता है जिसमें वह बीड़ी, सिगरेट, शराब वगैरह घर के व्यक्तियों से, जो इन चीजों का सेवन करते हैं, की देखा-देखी में उपयोग करता है। धीरे-धीरे उसे किसी न किसी नशे की आदत पड़ जाती है। इन नशों में अफीम, चिट्टा, हेरोइन, नशीली गोलियां, कैप्सूल, चरस, भांग जैसी किस्में आती हैं। ऐसी कई नशीली दवाइयां हैं जिनके सेवन से देश के लोगों, युवाओं की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और साथ ही साथ उनके जीवन का नाश भी कर रही हैं तथा उन्हें कमजोर बना रही हैं। शराब का सेवन करना भी किसी नशे से कम नहीं है। वैसे ही जरदा, खैनी, गुटका जैसे पदार्थों का सेवन करके आज का युवा और लोग इसकी बुरी लत में फंस रहे हैं और फिर इसके आदी बन कर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में देसी शराब लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का काम कर रही है। इस देसी शराब, जो जहरीली होती है, से असंख्य लोग अपनी जान गंवा देते हैं। नशा करने के लिए मनुष्य कई कारण ढूंढता है जो उसके लिए कमजोरी बन जाती है। कुछ लोग शौकिया तौर पर इसका इस्तेमाल करते हैं। कुछ पढ़ाई, काम, व्यवसाय में असफल होने पर तो कुछ लोग और युवा तो ऐसे होते हैं कि उन्हें इस बुराई का पता ही नहीं होता है, वे एक दूसरे की देखा-देखी में नशे की बुरी आदतों को अपनाकर अपनी जिंदगी को मौत के कुएं में धकेलने के लिए दस्तक देते हैं। नशे का आदी व्यक्ति इस गंदे दलदल में इस तरह फंसता चला जाता है कि उसका इससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है और वहीं से उसकी बर्बादी की कहानी शुरू होती है। इस बर्बादी में वह खुद ही शामिल नहीं होता है, बल्कि अपने परिवार को भी शामिल करता है। उसका परिवार उसकी इस दशा से परेशान होता है, उसकी चिन्ता करता है, जिससे उनका भी नुकसान बिना नशा किए ही हो जाता है। हमारे देश और प्रदेश में हर साल नशे की इतनी सारी खेप पुलिस विभाग द्वारा पकड़ी जाती है, कि हैरानी होती है। नशे के साथ नशे के व्यापारी भी पकड़े जाते हैं। फिर भी नशे का कारोबार कम नहीं होता है। प्रदेश पुलिस द्वारा भी समय -समय पर कई विशेष अभियान चलाए जाते हैं, दौड़ करवाई जाती है और स्कूलों में भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। नशे का कारोबार अब स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के परिसरों के बाहर पैर पसारने लगा है और बच्चे गुमराह हो रहे हैं। नशा शरीर का नाश करता है, इस बात को तो सब जानते हैं, समझते हैं, लेकिन समझकर भी नासमझ बन जाते हैं और अनदेखा कर देते हैं। जब



**नशा करते वक्त किसी को भी होश नहीं होती कि वह अपना कितना बड़ा नुकसान कर रहा है। नशे के लिए वह अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है। सारा पैसा और यहां तक कि घर के गहने तक बेच देता है। युवाओं को नशा केवल देश के लिए कुछ करने के लिए जज्बे का, अच्छी बातों को ग्रहण करने का और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सही से करने का होना चाहिए।**

तक समझ में आता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

देश और प्रदेश की सरकारें, स्वयं से भी संगठन और समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति नशे के खिलाफ समय-समय पर मुहिम चलाते हैं और नशे को रोकने के लिए प्रयास करते हैं। हिमाचल प्रदेश में भी नशे के खिलाफ अभियान समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में नशे को रोकने हेतु पुनर्वास एवं नशा मुक्ति केन्द्रों और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यहां तक कि गांव, स्कूल और महाविद्यालयों में समितियों का गठन करके नजर रखी जा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भी नशे के खिलाफ काम कर रहा है। विभाग समय-समय पर पोस्टर, ब्राउशर बांटता है और स्कूलों, गांव और शहरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मादक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों को कठोरता से लागू किया जाना चाहिए। कई राज्यों में तो शराब पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। नशा मानव जाति के लिए एक गम्भीर समस्या है जिसको समय रहते रोका नहीं गया व इसे जड़ से खात्मा नहीं किया गया, तो यह सबके लिए एक अभिशाप बन कर रह जाएगा। नशा शब्द को उल्टा करके यानी ''शा'' को पहले और ''न'' को बाद में लिखें तो शब्द बनता है 'शान'। समाज के हर नागरिक को चाहिए कि नशे को न कहें और अपनी जिंदगी शान से जियें। हमें दृढ़ संकल्प करना होगा कि हमें खुद भी नशे से दूर रहना होगा और जो नशे में संलिप्त है, उसे भी इससे दूर रखना होगा। तभी हम देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं। युवाओं को चाहिए कि वे खाली समय में योग करें, अच्छी-अच्छी ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ें और अपना ध्यान खेलों में भी लगाएं। जब हम इन सबमें व्यस्त रहेंगे तो हमारा ध्यान बुरी आदतों की तरफ नहीं जाएगा और हम अपने शरीर को नशे जैसे जहरीले सांप से बचा सकेंगे। यह जिंदगी कीमती है और इसकी कीमत को समझना जरूरी है।

जब एक व्यक्ति नशे में संलिप्त होता है और उसकी जिंदगी धीरे-धीरे खत्म होती जाती है तो उसकी चिंता में उसका परिवार, जिसमें उसके माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी और बच्चे भी शामिल हैं, चिन्तित होता है। यह चिन्ता भी स्वाभाविक है। नशा करने वाला व्यक्ति उनके परिवार का हिस्सा होता है। नशा करते वक्त किसी को भी होश नहीं होती कि वह अपना कितना बड़ा नुकसान कर रहा है। नशे के लिए वह अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है। सारा पैसा और यहां तक कि घर के गहने तक बेच देता है। युवाओं को नशा केवल देश के लिए कुछ करने के लिए जज्बे का, अच्छी बातों को ग्रहण करने का नशा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सही से करने का नशा होना चाहिए। तभी देश तरक्की की तरफ आगे बढ़ेगा और खुद युवा खुशहाल जिंदगी जी पाएगा।

**-अश्वनी कौंडल**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : एकादशी | ( विक्रम संवत् 2081 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
घर में थोड़ा सा तू-तू, मैं-मैं की स्थिति बनी हुई है। एक कलहकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम है।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
रुपये, पैसे की स्थिति थोड़ी सुदृढ़ हो रही है। धन का आवक बढ़ रहा है। कुटुंब में वृद्धि हो रही है।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
ऊर्जावान बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम,संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार भी बहुत अच्छा।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
ऊर्जा का ह्रास हो रहा है। मन चितिंत है। व्यग्रता बढ़ी हुई है। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान ठीक है।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
वृश्चिक राशि की स्थिति ठीक है। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ है। कोर्ट-कचहरी में विजय। सरकारी तंत्र का लाभ।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा के योग बनेंगे। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
नौकरी-चाकरी की स्थिति भी अच्छी होगी। जो लोग विवाहित हैं वो जीवनसाथी के साथ रंगीन और बहुत अच्छा समय गुजारेंगे।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
शत्रु डिस्टर्ब करेंगे लेकिन जीत जाएंगे आप। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।




सिकन्द्राबाद में कल आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में पंचसील गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी एवं अन्य।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 66वे दिन भी जारी रहा



सलारपुर में आयोजित श्री राम कथा के पर्व कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

# भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक



**भदोही (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा आगामी होने वाले चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके लिए सभी कार्यकर्ता जुटजायें। भारतीय जनता पार्टी विकास के बल पर चुनाव लड रही है। केंद्र व प्रदेश की सरकार निरंतर जनता के हित के लिए काम की है। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा जिस तरह से सपा बसपा कांग्रेस धरासाही हो चुकी है। 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फीर से आएगी और तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा भारतीय जनता पार्टी की एक सीट भदोही से भी दिल्ली के तख्त को मजबूत करने में अपना सहयोग करेगी। हमारे कार्यकर्ता बहुत ही उत्साहित है। रात और दिन लगातार मेहनत कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिन्द ऐतिहासिक जीत होगी।

बैठक में विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरूध त्रिपाठी, आशीष सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र सिंह, छत्रपति सिंह, वीरू शुक्ला, अशोक जायसवाल, सुष्मिता मौर्या, अमित सिंह, प्रदीप सिंह, संतोष तिवारी, लालता प्रसाद, सोनकर सत्य, सिल गुप्ता, गोवर्धन राय, मनीष पांडेय, मृत्युंजय शिवम, आकाश, दीपक, प्रियंका जायसवाल, बृजेश गुप्ता, गोरेलाल पांडेय, सौरव मालवीय, अखिलेंद्र सिंह बघेल, चंदूलाल, चंद्राकर, महावीर गुप्ता, विस्तारक अजीत सिंह, आलोक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# शीघ्र उद्योग शुरू करें आबंटी उद्यमी

**एमएसएमई पदाधिकारियों को यीडा अफसरों ने दिया आश्वासन**





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बोर्ड रूम में येडा के अधिकारियों और औद्योगिक संगठन एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के पदाधिकारियों के साथ एक उद्योग सहायक समिति बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक एसीईओ कपिल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें एसीईओ विपिन कुमार जैन, ओएसडी राजेश कुमार, एजीएम श्रीमती शुष्मिता सिंह, जीएम ए के सिंह, अरविंद कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इधर औद्योगिक संगठन एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा की तरफ़ से यीडा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश राठौर, महामंत्री दिलसाद अहमद, सदस्य नसीम ख़ान जब्बार ख़ान मोजूद रहे।

प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक भूखंडों के आबंटन के बाद औद्योगिक भवनों के निर्माण,उत्पादन शुरू करने के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की पेशकश की गई। प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन उधमी साथियों की लीज़ डीड हो चुकी हो वो अपना नक्शा पास कराये और जल्द जल्द से उद्योगों को शुरू करें।

प्राधिकरण ने लीज़ डीड कराने की आखिरी तारीख 30 जून 2024 तय की गई।

# ब्राह्मण मतदाताओं की चुप्पी से भाजपा प्रत्याशी बेचैन




**भदोही (चेतना मंच)।** भाजपा का कोर वोटर माने जाने वाला ब्राह्मण मतदाताओं की चुप्पी से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद की बेचैनी बढ़ गई है। भदोही लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ दो फैक्टर जबरदस्त इन दिनों काम कर रहे हैं। एक फैक्टर डॉक्टर विनोद भिंड का बाहरी होना दूसरा बीजेपी के सिर्फ नेतृत्व द्वारा ब्राह्मण प्रत्याशी न उतराना आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चले कि भदोही लोकसभा सीट से एक दर्जन से अधिक ब्राह्मण उम्मीदवारों ने टिकट की प्रबल दावेदारी की थी। लेकिन भाजपा नेतृत्व सभी की अर्जी को खारिज करते हुए मिर्जापुर के मझंवा विधानसभा से निषाद पार्टी के विधायक डॉ विनोद बिंद पर दाव लगा दिया। भाजपा का कोर वोटर ब्राह्मण मतदाता बिल्कुल साइलेंट मूड में है। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद ब्राह्मण मतदाताओं की नवजक को टटोलने में पूरी तरह से हॉस्पिटल दिखाई दे रहे हैं।

भदोही लोकसभा सीट पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या लगभग 3 लाख 60 हजार है ब्राह्मण मतदाता लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव सभी में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वहीं बिंद मतदाताओं पर यदि नजर डालें तो यहां पर बिंद मतदाताओं की संख्या लगभग 3 लाख 20 हजार है। बिंद मतदाताओं को जहां भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद एवं प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी से प्रत्याशी प्रेमचंद बिंद अभी तक बिंद मतदाताओं में अपनी पैठ बनाने की जुगत में है वही बहुजन समाज पार्टी बसपा भी बिंद समाज से ही किसी को प्रत्याशी बनाने के मूड में है।

राजनैतिक विश्लेशको की माने तो अभी भाजपा एवं टीएमसी गठबंधन के प्रत्याशी के बीच सीधी लड़ाई है हालांकि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ब्राह्मण मतदाताओं को अपने पक्ष में गोल बंद करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अब जिला अध्यक्ष की मेहनत कहां तक रंग लाती है या तो चुनाव परिणाम आने पर ही पता चलेगा।




# पंजाबी एकता समिति ने मनाया बैसाखी उत्सव

**शब्द-कीर्तन के साथ सैकड़ों ने उठाया लंगर का पुण्य लाभ**






**नोएडा (चेतना मंच)।** पंजाबी एकता समिति द्वारा सेक्टर-12 के गुरद्वारा में बैसाखी का उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चरणजीत सिंह द्वारा शब्द-कीर्तन किया गया एवं उसके पश्चात सरबजीत सिंह के द्वारा बहुत ही सुन्दर शब्द-कीर्तन का पाठ किया गया।

शब्द -कीर्तन एवं अरदास के पश्चात लंगर का किया गया था जिसमें लगभग 900-1000 लोगों ने शब्द -कीर्तन का आनंद लिया एवं लंगर खाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा की धर्मपत्नी डॉ उमा शर्मा, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती बिमला बॉथम, डॉ पल्लवी शर्मा, डॉ श्रीकांत शर्मा, डिम्पल आनंद, पं. रवि मिश्रा, प्रवीण भारद्वाज, अजय बाटला ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

इस दौरान नोएडा पंजाबी एकता समिति के संरक्षक सतीश मेहता, राजन ठुकराल, संजय बाली, जसविंदर खोकर, एस.पी. आनंद, सतपाल सचदेवा, अश्वनी छाबड़ा, अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, उपाध्यक्ष नवीन सोनी, अतुल सहगल, सुनील मेहता, अतुल मल्होत्रा, नरेन्द्र सचदेवा, मनोज बावेजा, सुमित मनचंदा, अंतेश भंडारी, राकेश खन्ना, पुनीत कपूर,अश्वनी सदाना,बी. के. मेहता, सुभाष मेहता, गौरव छाबड़ा, श्रीमती मंजु मेहता, योगिता सोनी, कुसुम सदाना, कोशिका कपूर, नेहा चोपड़ा मौजूद थे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 21/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमंत्रित करते हैः **क्र.सं.: 1- कार्य का विवरणः** पटियाली-मथुरा अनुभाग के मध्य ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 1,10,31,341.51, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 2,05,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** ₹ शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.: 2- कार्य का विवरणः** कानपुर अनवरगंज-पटियाली अनुभाग के मध्य ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 1,13,21,668.91, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 2,06,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** ₹ शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.: 3- कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-फर्रूखाबाद अनुभाग के मानीमउ में गुड्स शेड के डेवलपमेंट/अपग्रेडेशन से सम्बन्धित सिविल एवं ट्रैक कार्य। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 8,04,93,310.99, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 5,52,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** ₹ शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 15 माह, **क्र.सं.: 4- कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-फर्रूखाबाद अनुभाग के मानीमऊ में गुडस शेड के डेवलपमेन्ट/अपग्रेडेशन से सम्बन्धित पुल एवं रिटेनिंग वॉल का कार्य।**अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 7,05,38,128.57, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 5,02,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** ₹ शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 15 माह, **नोटः (1)** ई-निविदा दिनांक **15.05.2024** को **15:00** बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)**
मुजाधि/डब्लयू-25 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

- श्री राम का राजनीतिज्ञ स्वरूप पर गोष्ठी संपन्न-

# श्री राम एक श्रेष्ठतम राजनीतिज्ञ थे : आर्य रविदेव गुप्ता




**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'श्री राम का राजनीतिज्ञ स्वरूप' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 635 वां वेबिनार था।

वैदिक प्रवक्ता आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि श्री राम एक श्रेष्ठतम राजनीतिज्ञ थे।भारत में महान व्यक्तियों को दैवीय रूप में प्रदर्शित करने की परम्परा रही है जिससे उनका पुण्य स्मरण तो स्थायी हो जाता है परंतु उनके महान लौकिक कार्य ढक जाते हैं। योगेश्वर श्री कृष्ण की चपल छवि के कारण उनका कूटनीति स्वरूप तो प्रकट हो गया पर श्री राम का सरल छवि के कारण राजनीतिज्ञ स्वरूप ढक गया।श्री राम ने आजीवन आर्य व्रत में व्याप्त अराजकता,बिखरी राज सत्ता को संगठित किया।समस्त वनवासी बंधुओं को जोड़ कर सबके प्रिय बने।उन्होंने अखंड भारत की स्थापना का अद्भुत कार्य किया जिसे छात्रों को पाठ्य पुस्तक में पढ़ने की आवश्यकता है।उनके द्वारा स्थापित राज्य व्यवस्था को राम राज्य का नाम दिया गया है जिसे आज भी प्रयोग किया जाता है।आज 500 वर्ष बाद श्री राम पुनर्स्थापित हो गए हैं जो प्रसन्नता का विषय है।हिन्दू समाज को ऐसे ही प्रतिनिधि चुनने चाहिए जो राम राज्य की पुनर्स्थापना कर सकें।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राष्ट्रवादी शक्तियों को विजयी बनाने की अपील की।

मुख्य अतिथि शिक्षा विद् जगदीश पाहुजा व अध्यक्ष अरुण आर्य ने श्री राम के जीवन मूल्यों की चर्चा की।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका प्रवीना ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता, उषा सूद, कृष्णा गांधी, कौशल्या अरोड़ा, ईश्वर देवी, सुनीता अरोड़ा, कमला हंस, कुसुम भंडारी ने मधुर भजन सुनाए।

# यूपी हाईकोर्ट से सपना चौधरी को बड़ी राहत, अब उड़ सकेंगी विदेश

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रसिद्ध लोक गायिका और चर्चित डांसर सपना चौधरी को उत्तर प्रदेश से बड़ी राहत मिली है। दरअसल उत्तर प्रदेश स्थित इलाहबाद हाईकोर्ट ने सपना चौधरी को राहत देते हुए विदेश यात्रा करने का रास्ता खोल दिया है। उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक विशेष आदेश जारी किया है। इस आदेश से सपना चौधरी को अब विदेश के लिए उड़ान भरने का मौका मिल सकेगा।

आपको बता दें कि सपना चौधरी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के लखनऊ में दो मामले चल रहे हैं। इसी वजह से उत्तर प्रदेश पुलिस की आग्रह पर पासपोर्ट विभाग सपना चौधरी का पासपोर्ट रिन्यू नहीं किया जा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट ने सपना चौधरी के पासपोर्ट को एक महीने में जारी करने का आदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया है।



## लापरवाही बरतने पर 167 कर्मिकों पर हुई एफआईआर

साहिबाबाद। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मोहननगर स्थित आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 से 21 अप्रैल तक चल रहे चुनाव प्रशिक्षण में गैर हाजिर होने और कार्य में लापरवाही बरतने का सिलसिला थम नहीं रहा है। 18 अप्रैल को दो पालियों में होने वाले प्रशिक्षण में 3,216 कार्मिकों ने भाग लिया। दोनों पालियों के प्रशिक्षण में गैर हाजिर 167 कार्मिकों के खिलाफ सीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 26 पीठासीन अधिकारी, 23 मतदान अधिकारी प्रथम, 30 द्वितीय मतदान अधिकारी और 88 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। सभी अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।




## पृष्ठ एक के शेष....

**उत्तर प्रदेश में वोटिंग...**

यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर हो रहे मतदान के दौरान मुजफ्फरनगर से भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान ने एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और उनकी पत्नी सीमा नकवी ने रामपुर के शंकरपुर में बने मतदान केंद्र पर डाला वोट। मेरठ जिले कीहस्तिनापुर विधानसभा के ग्राम गणेशपुर प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ पर मतदान करने के लिए मतदाताओं की कतार लगी हुई देखी गई। पीलीभीत के तहसील सदर में बने बूथ पर दिव्यांग सायरा भी मतदान करने पहुंचीं। हालांकि, बूथ के बाहर व्हीलचेयर रखी थी, लेकिन वहां मौजूद कर्मियों ने उन्हें इस बारे में नहीं बताया। वोट डालने के बाद सायरा काफी खुश थीं। बोलीं, मतदान जरूर करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह बहुत जरूरी है।

**शामली में मतदान का बहिष्कार**

शामली जनपद में कांधला क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। अब तक किसी भी ग्रामीण ने मतदान नहीं किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2019 में ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष में 95 प्रतिशत मतदान किया था, जिसके चलते ग्रामीणों पर दर्ज हुए मुकदमों को पांच साल बीत गए लेकिन अभी तक किसी ने सुध नहीं ली है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बनने के बाद किसी ने भी उनती सुध नहीं है। इसी वजह से वे मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। बताया गया कि इस गांव में कुल 1873 वोट है। रामपुर के पटवाई थाना इलाके के निस्बा गांव में सुबह से वोटिंग बंद है। गांव के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। पूरे गांव की सड़क खराब पड़ी हुई है। इससे आने-जाने में परेशानी होती है। इस कारण कोई यहां अपनी बरात लाना नहीं चाहता। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि पहले सड़क पर बात होगी। इसके बाद वोट दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर जिलाधिकारी को बुलाने की मांग की। मतदान केंद्र में तैनात अधिकारियों ने बताया कि सिर्फ ग्राम प्रधान पति और प्रधान का ही वोट पड़ा है। बाकी किसी ने कोई वोट नहीं डाला है।

**लोकसभा की 102...**

39 सीटों पर वोटिंग हो रही है। छत्तीसगढ़ में सिर्फ बस्तर सीट पर वोटिंग हो रही है। पहले फेस में 1625 उम्मीदवार चुनाव मैंदान में हैं। वोटिंग के बाद उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि मैंने तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों का दौरा किया है।

नागालैंड पर्यटन मंत्री तेमजेन इम्ना ने मतदान किया। उन्होंने कहा 'आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। महाराष्ट्र के नागपुर में मतदान करने के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, 'लोकतंत्र का महोत्सव शुरू हो चुका है। अभी-अभी मैंने, मेरी पत्नी, मेरी मां और मेरे परिवार ने मतदान किया। मैं जनता से अपील करता हूं कि मतदान करें, लोकतंत्र को मज़बूत करें, लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी हिस्सेदारी दर्ज़ करें।'

बंगाल के कूचबिहार से मतदान ड्यूटी पर तैनात सीएपीएफ कर्मी की मौत की खबर आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृत जवान की पहचान निलेस कुमार नीलू (42) के रूप में हुई है। जानकारी मिली है कि वे कूचबिहार के बेलतला इलाके के एक स्कूल में मतदान ड्यूटी पर तैनात थे।

**दो शहजादों को...**

पीएम ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन INDI गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए टेक्सटाइल पार्क बना रही है। इसका लाभ भी अमरोहा के गारमेंट उद्योग को मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वो तो अभी केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमें क्क और देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

पीएम ने कहा कि सीएम योगी गन्ना किसानों की चिंता की। अमरोहा के गन्ना किसान कभी नहीं भूल सकते कि पहले उन्हें भुगतान के लिए कितना परेशान किया जाता था। लेकिन आज प्रदेश में गन्ने की रिकॉर्ड खरीद के साथ ही रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है। जब सपा की सरकार थी, तो अमरोहा के गन्ना किसानों को साल में औसतन सिर्फ 500 करोड़ रुपये का भुगतान होता था। जबकि योगी जी की सरकार में यहां हर साल करीब 1.5 हजार करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को हुआ है।

पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी को पक्का घर मिलेगा। यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब आप चुनाव प्रचार करने गांवों में जाएंगे वहां दो-चार लोग ऐसे मिल जाएंगे जिनको अभी घर और नल से जल योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा कुछ लोगों को गैस कनेक्शन भी नहीं पहुंचा हो। अगर कोई छूट गया हो तो आप पूरे विश्वास के साथ कहना। तीसरी बार मोदी के आने के बाद जो बाकी काम रह गए वह भी पूरे हो जाएंगे।

**दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही**

यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है, इन्हें पहले ही लोग रिजेक्ट कर चुके हैं। हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। अमरोहा के तिगरी मेले में बाधा डालते हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी को भारत माता की जय बोलने तक में आपत्ति थी। उन्हें संसद में जाने का हक नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारों में यहां के किसान की समस्याओं को न सुना जाता था और ना देखा जाता था। किसानों को किसी की परवाह नहीं थी। कहा कि अमरोहा के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 600 करोड़ रुपये मिले हैं।

**सपा-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी**

पीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये लोग आए दिन राम मंदिर और सनातन आस्था को गालियां दे रहे हैं। अभी रामनवमी पर प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ है। आज जब पूरा देश राममय है, तब समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं।

**बसपा प्रत्याशी राजेंद्र...**

गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने नोएडा विधानसभा क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उनके साथ बसपा के नेता, कार्यकर्ता तथा नोएडा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। बसपा प्रत्याशी अपने नोएडा के जनसंपर्क अभियान के दौरान कोंडली वाली गढी, कोंडली, बादोली, जट्टा, मोहियापुर, गुलावली, मंगरौली, छपरौली, वाजितपुर, नगली, रोहिल्लापुर, शाहपुर, सुल्तानपुर गढी शाहपुर तथा असगरपुर गांव में गए और ग्रामीणों से उन्हे वोट देने की अपील की। इस दौरान सभी गांव में बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी का जोरदार स्वागत हुआ। बसपा प्रत्याशी श्री सोलंकी ने असगरपुर, रायपुर, बरौला, छालेरा, सदरपुर, गिझोड़, चौड़ा रघुनाथपुर तथा ममूरा गांव में भी जनसंपर्क किया।

बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता करतार सिंह नागर ने कहा कि गौतमबुद्धनगर सीट पर बहुजन समाज पार्टी की बड़ी जीत होगी। उन्होंने कहा कि बसपा की मुखिया सुश्री मायावती से नोएडा गौतमबुद्धनगर क्षेत्र की जनता का अटूट बंधन है। इस क्षेत्र की जनता को पता है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद तथा खुर्जा क्षेत्र में बसपा ने ऐतिहासिक काम कराए थे। भाजपा ने इस क्षेत्र के विकास की गति को रोक दिया है। क्षेत्र की जनता एक बार फिर बसपा को मजबूत करके क्षेत्र के विकास की पुरानी गति को बनाना चाहती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र की जनता बसपा को बड़ी जीत दिलाने वाली है।

**दिल्ली-हरियाणा की...**

के दौरान एक कार को रोका। इनोवा कार में जांच के दौरान 22 पेटी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से लखन उर्फ लक्खी निवासी चिल्ला गांव थाना मयूर विहार तथा राहुल चौधरी निवासी गांव घड़ौली थाना गाजीपुर को गिरफ्तार किया। इनके पास से 22 पेटी जिसमें 8 पेटी टरबो प्रीमियम स्ट्रांग बीयर, रॉकफोर्ड क्लासिक विहस्की, 4 पेटी रम, 7 पेटी कैसीनो प्राइड विहस्की पव्वा व अन्य शराब की बोतल बरामद हुई।



टी20 वर्ल्ड कप 2024

# रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेंगे विराट कोहली

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में विराट कोहली से साथ ओपनिंग करने को लेकर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। ये टूर्नामेंट 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरीका की मेजबानी में खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए सभी टीमों ने अपनी तैयारी तेज कर दी हैं। 1 जून से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होने जा रही है। जिसके लिए टीम इंडिया के संभावित 20 खिलाड़ियों के नाम सामने आ गए हैं। इनमें विराट कोहली का नाम भी शामिल है। इससे पहले यह खबर आई थी कि विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के लिए शायद ही टीम में चुना जाए। लेकिन आईपीएल में उनके शानदार फॉर्म को देखते हुए ऐसा होना ना के बराबर है। वहीं, अब खबर हैं कि विराट कोहली इस टूर्नामेंट में ओपनिंग करते हुए नजर आ सकते हैं। इस पर अब टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। विराट कोहली आईपीएल में बतौर ओपनर खेलते हैं। मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी विराट सबसे आगे हैं। ऐसे में कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सेलेक्टर्स टी20 वर्ल्ड कप में रोहित के साथ विराट को ओपनिंग कर सकते हैं। इस मुद्दे पर अब रोहित शर्मा ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया है। हालांकि उन्होंने कुछ भी साफ नहीं किया है।



## कप्तान रोहित शर्मा का बड़ा बयान

रोहित शर्मा ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कि हम अभी इसको लेकर (विराट के साथ ओपनिंग) मिले नहीं हैं, हमने इसको लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ओपन करेंगे या नहीं, इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। आज के समय में जब तक आप मुझसे, राहुल भाई से या अजीत भाई से ऐसा कुछ नहीं सुनते हैं, तब तक सबकुछ फेक है।

## आईपीएल 2024 में विराट का प्रदर्शन

विराट कोहली ने आईपीएल 2024 में अभी तक 7 मैच खेले हैं। इस दौरान विराट ने 72.20 की औसत से 361 रन बनाए हैं। जिसमें 2 अर्धशतक और 1 शतक शामिल है। खास बात ये है कि विराट ने इस सीजन में 147.35 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा ने 6 मैचों में 52.20 की औसत से 261 रन बनाए हैं। जिसमें 1 शतक शामिल है।

# धोनी अगले साल का IPL भी खेल सकते हैं

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व कप्तान एमएस धोनी IPL के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस (MI) के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके IPL रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, 'आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी IPL है।; इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे। वहीं IPL के इस सीजन के शुरू होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि IPL में धोनी का यह आखिरी साल होगा। वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी 16 गेंदों में 37 रन बनाए।



# श्रीलंकाई टीम ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की महिला टीम और साउथ अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे



सीरीज खेली गई। इस सीरीज के दौरान दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा। एक मैच श्रीलंका और एक मैच साउथ अफ्रीका ने अपने नाम किया। वहीं एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। ऐसे में यह सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हुई। इस सीरीज के आखिरी मुकाबले को श्रीलंका की महिला टीम ने अपने नाम किया। सीरीज के तीसरे मैच को श्रीलंकाई टीम ने अपने नाम किया इस मैच में चमारी अटापट्टू और उनकी टीम ने इतिहास रचा।

## चमारी अट्टापट्टू की ऐतिहासिक पारी

श्रीलंका ने पोटचेफस्ट्रूम के सेनवेस पार्क में इतिहास रचा, जब उन्होंने तीसरे वनडे में 302 रनों का पीछा करते हुए महिला वनडे इतिहास में सबसे सफल रन चेज दर्ज किया। श्रीलंकाई टीम ने इस लक्ष्य का पीछा करते ही 11 साल पुराने एक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इससे पहले महिला क्रिकेट में सबसे सफल रनचेज के मामले में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम पहले स्थान पर थी। जोडी फील्ड्स की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 14 दिसंबर 2012 को उत्तरी सिडनी ओवल में 289 रनों का पीछा किया था और बुधवार को इस रिकॉर्ड को सालों बाद तोड़ दिया गया।

# इकाना में होगा आर-पार का मुकाबला



## चेन्नई के सुपर किंग्स को घर में चुनौती देंगे लखनऊ के सुपर जायंट्स

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच शुक्रवार शाम लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में घमासान देखने को मिलेगा। यह आईपीएल का 34वां मुकाबला होगा। लखनऊ टेबल में 5वें नंबर की टीम है। उसके 6 मैचों में 3 जीत और 3 हार के साथ 6 अंक हैं। वहीं, चेन्नई तीसरे पायदान पर है। उसके 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार के साथ 8 अंक हैं। हेड टू हेड में दोनों टीमों में तगड़ा रिकॉर्ड है। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ 3 मैच खेले हैं, जिसमें एक मैच लखनऊ तो एक मैच चेन्नई ने जीता है। जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। दोनों टीमों में अच्छी फाइट देखने को मिल सकती है।

### चेन्नई सुपर किंग्स का जलवा बरकरार

CSK लगातार अपने मैच जीत रही है। उसने पहले मजबूत कोलकाता और बाद में मुंबई को घर में हराया। मुंबई के पास बैटिंग में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ गजब के फॉर्म में है। इसके साथ ही शिवम दुबे और धोनी जैसा शानदार फिनिशर मौजूद है। गेंदबाजी में मथिषा पथिराना ने मुंबई के खिलाफ गजब की गेंदबाजी की थी। उन्होंने 4 ओवर में किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 बल्लेबाजों को आउट किया था। उनके गेंदबाजी की बदौलत टीम ने मुंबई को घर में रौंद दिया था। उनके अलावा तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

### अपने घर में सुपर किंग्स को चुनौती देंगे सुपर जायंट्स

मैच में यूं तो चेन्नई का पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन लखनऊ की टीम भी लड़ने में कम नहीं है। हांलाकि टीम को पिछले दो मैचों में दिल्ली और कोलकाता से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन टीम में अच्छे बैटर्स और बॉलर्स हैं। कप्तान केएल राहुल से लेकर क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टॉयनिस, निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में है। ये लंबे हिट मारने में सक्षम है। टेलेंडर के तौर पर क्रुनाल पंड्या भी चौके-छक्के लगाते हैं। टीम को घर में खेलने का एडवांटेज मिलेगा। गेंदबाजी में मयंक यादव का इस मैच में भी खेलना तय नहीं है। उनके स्थान पर शमार जोसेफ टीम से जुड़े हैं। कोलकाता के खिलाफ वह महंगे साबित हुए थे, लेकिन वह अच्छी गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा यश ठाकुर, मोहसिन खान अरशद खान है। वहीं, स्पिन में क्रूनाल पंड्या और रवि बिश्नोई टीम को मजबूती देते हैं।

# डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से IPL 2024 से बाहर



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला। कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण IPL 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं। CSK का अगला मैच कल यानी 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स (LSG) के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। CSK इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।

कॉन्वे पिछले साल GT के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे। इस मैच में CSK को 5 विकेट से जीत मिली थी। IPL 2023 में उन्होंने 16 मैचों में 672 रन बनाए थे। वे अपनी टीम से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। कॉन्वे को CSK ने 2022 की ऑक्शन में एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा था। लेफ्ट हैंड बैटर ने अब तक 23 IPL मैचों में 46.12 की औसत और 141.28 की स्ट्राइक रेट से 924 रन बनाए हैं। राइट आर्म पेसर ग्लीसन ने इंग्लैंड की ओर से 6 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 9 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 15 रन देते हुए 3 विकेट लेना रहा है। CSK ने उन्हें रिजर्व प्राइस 50 लाख रुपए में स्क्वॉड में शामिल किया है।

कैंडिडेट्स शतरंज

# गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा।
प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया।
अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढत बना ली।
कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5 . 5 और गुजराती के पांच अंक हैं।

महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढत मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है।
भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।



**कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया।**


बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857

मो0– 9811082962

# पैरों में होता है दर्द तो अपनाएं ये टिप्स

फैशन के इस दौर में हाई हील्स पहनना कोई मुश्किल भरा काम नहीं है। लेकिन कई बार हील्स न पहनने की आदत होने के कारण शुरुआत में काफी दिक्कत होती है। वहीं कुछ लड़कियां चाह कर भी हील्स नहीं पहन पाती है। ऐसे में अगर आपको भी हील्स पहनकर चलने में समस्या होती है तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

**फिट हों हील्स**

यह सुनने में थोड़ा अजीब है लेकिन हील्स पहनने के लिए इसका परफेक्ट साइज में होना जरूरी है। अगर यह थोड़ी ढीली या टाइट होंगी तो आपको चलने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही पैरों में दर्द की समस्या भी हो सकती है। किसी खास फंक्शन पर हाई हील्स पहनने के कारण कई बार पैरों में दर्द और खिंचाव होने लगता है। ऐसे में लड़कियां हील्स को पहनने से कतराती हैं। अगर आपकी हील्स परफेक्ट साइज की होंगी तो आपको



ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

**हील की पोजीशन**

पैरों को दर्द से बचाने के लिए आवश्यक है कि बॉडी का भार पंजे और हील दोनों पर रहे। अगर आपकी बॉडी का भार सिर्फ पंजे या हील पर पड़ेगा तो पैरों में दर्द की समस्या होने लगेगी। वहीं लंबे समय तक ऐसा होने पर आपको घुटनों में भी दर्द की शिकायत हो सकती है और आपको चलना मुश्किल हो जाएगा। अगर किसी पैर की हील खराब को गई है तो उसको दोबारा न पहनें। क्योंकि ऐसा करने से पैरों का दर्द बढ़ सकता है।

**पैडेड सोल वाली हील**

हील की क्वालिटी का सही होना जरूरी होता है। पैरों को ज्यादा आराम देने के लिए आप पैडेड सोल वाली हील्स भी कैरी कर सकती है। हील में कुशन इनसोल भी आते हैं। इन्हें किसी हील्स के साथ कैरी किया जा सकता है। हालांकि हील्स पहनने के लिए सबसे ज्यादा प्रैक्टिस की जरूरत होती है। ऐसे में पैरों को आराम देने के लिए आप कुशन हील या पैडेड सोल वाली हील्स खरीद सकती है।

**हील्स की साइज का रखें ध्यान**

हील्स के कई साइज आते हैं। जबकि पांच इंच के स्टिलेटोस मौजूद हैं। उनको निश्चित तौर पर आपकी गो-टू हॉलिडे हील्स होने की जरूरत नहीं है। अगर आप इससे पहले हील्स नहीं पहनती थीं। या फिर आप नौसिखिया हैं तो ऐसे में आपको कम हील्स ट्राई करने चाहिए। ऐसे आपकी प्रैक्टिस होती रहेगी।

**धीरे चलें**

हील्स में तेज चलने का प्रयास करना जरूर आकर्षक लग सकता है। लेकिन कई बार यह आपकी परेशानी का सबब बन सकता है। हील्स में आपको धीमे चलने का प्रयास करना चाहिए। हालांकि यह थोड़ा अजीब लग सकता है। लेकिन यह आपके पैरों के लिए फायदेमंद होगा।

**पैरों की एक्सरसाइज**

अगर आप भी पैरों में दर्द होता है तो शुरुआत में कम हील्स पहनने की शुरुआत करें। जरूरी नहीं है कि आप एकदम से सीधे 5-6 इंच की हील कैरी कर लें। ऐसा करने पर आपके पैरों का दर्द और बढ़ सकता है। इसलिए शुरूआत में छोटी हील्स पहनें और थोड़े-थोड़े टाइम के लिए कैरी करें। अगर आप हील्स पहनकर बिलकुल भी नहीं चल पाती हैं तो आप 15-15 मिनट के लिए इसकी प्रैक्टिस कर सकती हैं। साथ ही अपने साथ एक बैकअप फुटवियर जरूर रखें। इससे आपके पैरों को राहत मिलेगी।

# शादी में दिखना है आकर्षक और खूबसूरत

**शा**दी के सीजन की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में रिश्तेदारों की शादी में जरुर जाना



पड़ता है। इसलिए आप शादी में जाने से पहले ही तैयारी कर लें। वैसे जब वेडिंग सीजन की शुरुआत होती है तो हर चीज महंगी हो जाती है। आज हम आपको इस लेख नें बताएंगे कि आप इन 5 चीजों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं।

अगर आपको साड़ियां पहनने का शौक है तो आपको अलग-अलग तरह की 4 से 5 साड़ी खरीद लेना चाहिए। ऐसे में अचानक से भी किसी की शादी होती हैं तो आपको यह सोचना नहीं होगा कि आपको क्या पहनना है।

आपको इस शादी सीजन में कम से कम 3 सूट खरीद लेना चाहिए। कई महिलाएं शादी से पहले शूट नहीं पहनती हैं ऐसे में आप शादी के सीजन में पंजाबी सूट या फिर शरारा सूट कैरी कर सकती हैं। यह आपके लुक को दोगुना कर देंगे।

अगर आप गाउन भी चाहे तो इस शादी के सीजन में आप अपने लिए खरीद सकती हैं। रेकमेंड गाउन आपको आसानी से मिल जाएगा। ऐसे में आपको डार्क कलर जैसे की रेंड या फिर ब्लैक कलर का रेकमेंड गाउन खरीदना चाहिए।

अगर आप शादी में हटके दिखना चाहती हैं तो यह आपके लुक को दोगुना कर देते हैं। ऐसे में अगर इस शादी के सीजन में आपको सबसे अलग दिखना है तो आपको पहले ही खुद के लिए डिजाइनर ब्लाउज बनवा लेना चाहिए। रेकमेंड डिजाइनर ब्लाउज भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

कई महिलाएं केवल जूते या फिर ऑफिस वेयर फुटवेयर ही रखती है। ऐसे में इस वेडिंग सीजन के लिए आपको एथनिक फुटवेयर जरुर खरीदें।

# पिंपल्स दूर करेगी तुलसी स्टीम



पिंपल्स एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया है। यूं तो एक्ने व पिंपल्स को दूर करने के लिए हम तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से पिंपल्स की समस्या को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में तुलसी का इस्तेमाल करें। इसकी पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटिफंगल होती हैं। तुलसी के इन्हीं गुधों के कारण इसे स्किन के लिए काफी अच्दा माना जाता है। आप इसकी मदद से पिंपल्स व स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों को आसानी से दूर कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि स्किन की केयर करने और पिंपल्स को दूर करने के लिए इसे कैसे इस्तेमाल करें-

तुलसी से लें स्टीम

अगर तुलसी की मदद से फेस स्टीम ली जाती है तो इससे स्किन की गंदगी को दूर करने और पिंपल्स से निजात पाने में मदद मिलती है।

स्टीम लेने का तरीका

- सबसे अपने चेहरे को एक क्लींजर की मदद से साफ करें।
- अब पानी को उबालें और गैस बंद करें।
- इस उबलते हुए पानी में तुलसी के पत्ते मिलाएं।
- करीबन पांच से दस मिनट के लिए, अपने सिर पर एक तौलिया रखें और कटोरे की भाप की मदद से स्टीम लें।
- बाद में, अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें और थपथपाकर सुखा लें।
- इसके बाद स्किन पर सीरम या मॉइश्चराइजर लगाना ना भूलें।

तुलसी से बनाएं फेस मास्क

तुलसी की मदद से फेस मास्क बनाकर भी आप अपनी स्किन को पैम्पर कर सकती हैं और एक्ने से निजात पा सकती हैं।

इस्तेमाल का तरीका

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को मिला लें।
- अब चेहरे को साफ करें और इसे अपने गर्दन व चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, पानी की मदद से चेहरे को वॉश करें और मॉइश्चराइजर अप्लाई करें।

# गर्मियों के लिए सलवार सूट सबसे बेस्ट

आज के समय में कई अभिनेत्रियों को भी अक्सर सूट पहने देखा जाता है। अगर आप भी सलवार सूट पहनकर अपना जलवा बिखेरना चाहती हैं, पर ये समझ नहीं आ रहा कि किस तरह का सूट आज कल ट्रेंड में है तो हम आपकी मदद के लिए तैयार हैं। यहां हम आजकल ट्रेंड में चल रहे सलवार सूट कलेक्शन के बारे में बताएंगे। इन डिजाइन्स के सूट पहन कर आपको काफी अच्छा लगेगा। अगर आप ये खुद नहीं पहनना चाहती तो अपने किसी खास को इसे तोहफे में दे सकती हैं। इस तरह के सूट आपको ऑनलाइन मिल जाएंगे, वहीं बाजार से भी इसे आप खरीद सकती हैं।



**पटियाला-** इस तरीके का पटियाला काफी ट्रेंड में हैं। आप चाहें तो इसे कैरी कर सकती हैं। इसका स्टाइल एवरग्रीन रहता है। शादी से लेकर त्योहार तक में ये बेस्ट लगता है। इसे पहनने के बाद आप पंजाबी कुड़ी वाला लुक कैरी कर सकती हैं। इसके साथ कानों में झुमके काफी प्यारे लगेंगें।

**अनारकली-** अनारकली सूट देखने मे काफी स्टाइलिश लगता है। इसे आप त्योहार के साथ-साथ किसी शादी के कार्यक्रम में भी पहन सकती हैं। अनारकली सूट के साथ प्लाजो काफी परफेक्ट लगता है। इसे आप ऑफिस या कॉलेज भी पहन कर जा सकती हैं।

**व्हाइट सूट-** प्लेन व्हाइट रंग के सूट के साथ कलरफुल दुपट्टा काफी प्यारा लगता है। अगर आप अपने ऑफिस में इसे कैरी करेंगी तो बेहद स्टाइलिश लगेंगी। मल्टीकलर का दुपट्टा इसके साथ काफी प्यारा लगता है।

**प्लाजो सेट-** प्लाजो सेट काफी ट्रेंड में रहते हैं। प्लाजो ज्यादा महंगे भी नहीं आते और इन्हें आप ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। इसे पहन कर लड़कियां काफी क्लासी लगती हैं। शॉर्ट कुर्ती के साथ प्लाजो काफी प्यारा लगता है।

# धूप में बालों को खास देखभाल की जरूरत

धूप में हम अपनी स्किन का ख्याल तो रखते हैं, लेकिन बालों की सेहत को नजरअंदाज करते हैं। लेकिन ब्यूटी एक्सपर्ट कहते हैं कि जितनी स्किन की केयर करनी चाहिए, उतना ही बालों को भी केयर और देखभाल की जरूरत होती है। गर्मियों में बालों का ख्याल नहीं रखने पर धूप, धूल और पॉल्यूशन के कारण यह डैमेज होकर टूटने लगते हैं। आइए जानते हैं कि गर्मियों में बालों की किस तरह से देखभाल करनी चाहिए।

**बालों की साफ-सफाई**

गर्मियों के मौसम में सप्ताह में करीब 2 से 3 बार शैंपू करना चाहिए। क्योंकि गर्मी में पसीना निकलने के कारण पसीना और ऑयल स्कैल्प पर जमा होते रहते हैं। जिसकी वजह से खुजली और इंफेक्शन आदि हो जाता है। इससे बचने के लिए शैंपू करें। साथ ही बालों को धोने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। हालांकि आप गुनगुना पानी इस्तेमाल कर सकते हैं।



**धूप से सुरक्षा**

सूरज की हानिकारक यूवी किरणें न सिर्फ हमारी स्किन के लिए बल्कि यह बालों को भी काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सूरज की हानिकारक यूवी किरणों के कारण बाल में ड्रायनेस की समस्या बढ़ सकती है। जिसके कारण बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। इसलिए धूप में निकलने से पहले हमेशा बालों को दुपट्टे या स्टोल से कवर कर लें।

**कंडीशनर**

बालों के लिए जितना ही जरूरी शैंपू होता है, उतना ही जरूरी कंडीशनर भी है। कंडीशनर से बालों को पोषण मिलता है। इसके इस्तेमाल से बाल हाइड्रेट रहते हैं और उलझते भी कम हैं। बालों पर बाजार के केमिकल युक्त प्रोडक्ट का इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। अगर आप चाहें तो घर की नेचुरल चीजों के इस्तेमाल से कंडीशनर बना सकते हैं। यह आपके बालों के लिए भी फायदेमंद होगा।

**स्टाइलिंग टूल्स**

अगर आप भी बालों की स्टाइलिंग के लिए बहुत ज्यादा हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। तो आपको बता दें कि यह आपके बालों की क्वालिटी को नुकसान पहुंचा सकता है। हीटिंग टूल्स के यूज से बाल ड्राय होकर बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। ऐसे में अगर भी बालों को घना और मुलायम बनाए रखना चाहती हैं तो हीटिंग टूल्स के अधिक इस्तेमाल से बचना चाहिए।

# कुर्ते के साथ कौन-सा फुटवियर करें ट्राय

लड़के ऑफिस ड्रेसिंग, कैजुअल और सूट के साथ तो फुटवियर का सही चुनाव फिर भी आसानी से कर लेते हैं, लेकिन जब बात कुर्ता पजामा की आती है उन्हें कुछ समझ नहीं आता। इसी के चलते आज हम आपको लड़कों के कुछ ट्रेंडी एथनिक फुटवियर के बारे में बता



रहे हैं जिनसे टिप्स लेकर आप भी फुटवियर खरीद सकते हैं।

**ब्राउन रंग की जूती -** एथनिक वियर के साथ ब्राउन रंग की जूती काफी बेस्ट लगती है। शादी के कार्यक्रम में ये काफी बेहतर लगती है। ये कुर्ते पजामे के साथ काफी अच्छी लगेगी।

**चमड़े के सैंडल -** शादी और पार्टियों में ज्यादातर लोगों का फोकस डांस पर होता है। ऐसे में आप इसे पहन कर काफी कंफर्टेबल रहेंगे। इसे पहन कर आप स्टाइलिश भी दिखेंगे।

**कोल्हापुरी चप्पल-** चाहे कोई सा भी मौसम हो कोल्हापुरी चप्पल हर जगह पर परफेक्ट लगती है। खासकर कि जब आप कुर्ता पहनते हैं तो इसके साथ ये चप्पल काफी स्टाइलिश दिखती हैं।

**सफाई का रखें ध्यान-** एथनिक वियर यानि कि कुर्ते के साथ आप इन तरीको के फुटवियर ट्राई कर सकते हैं। चाहे आप चप्पल कैसी भी पहनें, पर इसकी सफाई का खास ध्यान रखें।

# सोने के गहने जब दिखने लगें काले तो आजमाएं ये उपाय

**आमतौर पर सोने के गहने शरीर से निकलने वाले पसीने और गंदगी के संपर्क में आकर काले दिखने लगते हैं। लेकिन एक और वजह भी यह जो आपके गोल्ड के आभूषणों की चमक को कम करने का काम करता है, वह है, मेकअप। जी हां, आपके द्वारा लगभग इस्तेमाल किया जाने वाला परफ्यूम, मॉइस्चराइजर या कॉस्मेटिक भी सोने के गहनों को गंदा करने का काम करता है।**

सोना की गिनती महंगे धातुओं में होती है। फिर भी लगभग सभी के पास सोने के आभूषण होते हैं। ऐसे में इसके रखरखाव पर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। लगातार पहने रहने से यह कुछ समय बाद काला दिखने लगता है।

**क्यों हो जाते हैं सोने के गहने काले?**


आमतौर पर सोने के गहने शरीर से निकलने वाले पसीने और गंदगी के संपर्क में आकर काले दिखने लगते हैं। लेकिन एक और वजह भी यह जो आपके गोल्ड के आभूषणों की चमक को कम करने का काम करता है, वह है, मेकअप। जी हां, आपके द्वारा लगभग इस्तेमाल किया जाने वाला परफ्यूम, मॉइस्चराइजर या कॉस्मेटिक भी सोने के गहनों को गंदा करने का काम करता है।

**बेकिंग सोडा से मिनटों में चमकाएं सोने के गहने**

बेकिंग सोडा आमतौर पर कुकिंग में इस्तेमाल होता है। हालांकि आप इससे अपने सोने के गहनों को भी साफ कर सकते हैं। इसके लिए आपको केवल 2 चम्मच सोडा को हल्के गर्म पानी में घोल कर पेस्ट बनाना है। अब इसमें अपने गहनों को आधे घंटे के लिए डूबों कर छोड़ दें। फिर इसे स्पंज से आराम से रगड़कर साफ कर लें।

**नींबू से क्लीन करें गोल्ड ज्वेलरी**

नींबू में नेचुरल रूप से क्लीनिंग एजेंट मौजूद होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सोने के आभूषण को साफ करने के लिए भी कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी गर्म पानी में आधा नींबू निचोड़ लें। अब इसमें गहनों को 20-30 मिनट के लिए रखकर छोड़ दें। अब इसे ब्रश से आराम से साफ करके साफ पानी से धो लें।



**हल्दी से लौट आएगी गोल्ड की चमक**

सोने के आभूषण को साफ करने के लिए एक कटोरी में उबला हुआ पानी लें। अब इसमें थोड़ा वाशिंग पाउडर और एक चुटकी हल्दी पाउडर मिलाएं और इसमें गहनों को 30 मिनट के लिए उसमें डालकर छोड़ दें। फिर इसे निकालकर टूथब्रश से हल्के हाथ से मलें और साफ पानी से धो लें। आप पाएंगे कि सोना फिर से नए जैसा चमकने लगेगा।

**सोना साफ करने का यह तरीका भी जबरदस्त**

सोना साफ करने के लिए टूथब्रश पर टूथपेस्ट लगाएं और गंदगी-धूल को हटाने के लिए आभूषण को धीरे-धीरे से रगड़ें। टूथब्रश की जगह आप एक मुलायम कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि एम्बेडेड पीस को इस विधि से साफ करने से बचने का सुझाव दिया जाता है।



# 'भूल भुलैया 3' के रूह बाबा ने मंजुलिका की तारीफ



'भूल भुलैया 3' की रिलीज का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच अभी से जबरदस्त बज देखने को मिल रहा है। वहीं 'भूल भुलैया 3' से विद्या बालन एक बार फिर मंजुलिका बन सबको डारने के लिए तैयार है। इस बीच अब कार्तिक आर्यन और विद्या बालन का क्यूट वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों की बहुत ह ी प्यारी बॉन्ड देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो फिल्म 'दो और दो प्यार' की स्क्रीनिंग के दौरान का है जब 'भूल भुलैया 3' के रूह बाबा मंजुलिका से बातचीत कर रहे थे। विद्या बालन को सपोर्ट करने के लिए कार्तिक आर्यन फिल्म 'दो और दो प्यार' की स्क्रीनिंग में पहुचे थे, जिनके साथ वह 'भूल भुलैया 3' में नजर आने वाले हैं। इस बीच रूह बाबा और मंजुलिका को एक-दूसरे के साथ खूब मस्ती मजाक करते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में आप विद्या को कार्तिक के गालों को प्यार से खींचते हुए देख सकते हैं। वहीं बॉलीवुड के लकी चार्म कार्तिक आर्यन भी उनकी तारीफ करते हुए नजर आए। कार्तिक आर्यन अपनी को-एक्ट्रेस विद्या बालन की तारीफ करते नजर आए। वायरल वीडियो में 'भूल भुलैया 3' के रूह बाबा मंजुलिका की तारीफ करते दिखे। कार्तिक आर्यन एक्ट्रेस विद्या को देख कर कहते हैं कि 'क्या बात है क्या लग रही हैं आप।' वहीं बाद में इस बात दोनों ही हंसने लगते हैं। भूल भुलैया फ्रेंचाइजी में विद्या की वापसी की घोषणा ने लोगों को बहुत खुश कर दिया है। 'भूल भुलैया 3' के रूह बाबा यानी कार्तिक आर्यन के वर्कफ्रंट की बात करे तो वह फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। बता दें कि फिल्म में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित भी नजर आ सकती हैं।

# फ्लॉप हुई अक्षय टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां'



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ पिछले काफी समय से एक अदद हिट को तरस रहे हैं। दोनों एक्टर की पिछली रिलीज कईं फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी हैं। वहीं अक्षय और टाइगर की जोड़ी की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दोनों स्टार्स को इस एक्शन थ्रिलर से काफी उम्मीदें थी। लेकिन फिल्म की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस देखते हुए लग रहा है कि ये फिल्म भी अक्षय और टाइगर के डूबते करियर की नैया को पार नहीं लगा पाएगी। फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट जारी है। 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के सातवें दिन राम नवमी के मौके पर कितना कलेक्शन किया है?

'बड़े मियां छोटे मियां' काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का काफी हाईप भी था लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इसे दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला और इसी के साथ ये फिल्म कमाई के मामले में काफी पिछड़ गई है। रिलीज के 7 दिन बाद भी 'बड़े मियां छोटे मियां' 50 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। मेकर्स को उम्मीद थी की फिल्म को रामनवमी की छुट्टी का फायदा होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिल्म की कमाई की बात करें तो 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के पहले दिन 15.65 करोड़, दूसरे दिन 7.6 करोड़, तीसरे दिन 8. 5 करोड़, चौथे दिन 9. 05 करोड़, पांचवें दिन 2. 5 करोड़ और छठे दिन 2. 4 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के सातवें दिन यानी बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' को अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे बड़े स्टार्स को लेकर बनाया गया था। 300 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी इस फिल्म को 50 करोड़ कमाने में ही पसीने छूट रहे हैं। फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए इसका आधी लागत निकाल पाना भी काफी मुश्किल लग राह है। ऐसे में अक्षय और टाइगर की इस फिल्म पर फ्लॉप होने का खतरा मंडरा रहा है। अब तो कोई चमत्कार ही फिल्म की डूबती नैया को पार लगा सकता है।

# लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही मेरा मकसद : सुदेश भोसले



**प्रयागराज।** बॉलीवुड के मशहूर पार्श्व गायक सुदेश भोसले का कहना है कि लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही मेरा मकसद है। कोई भी संगीत खराब नहीं होता, बस गीतकार ऐसा गीत लिखें, जिसे परिवार के सदस्यों के साथ लोग सुन सकें। पथरचट्टी रामलीला कमेटी के न्योते पर रामनवमी महोत्सव में शामिल होने आए सुदेश भोसले के साथ बातचीत में प्रयागराज और बिग बी अमिताभ बच्चन से जुड़े कई संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा, हमारी आवाजें तो बहुत मिलती-जुलती हैं, लेकिन अमिताभ बच्चन के लिए गाने का संयोग फिल्म 'अजूबा' में बना। तब मैंने पहली बार उन्हें देखा था। फिल्म 'हम' का गीत जुम्मा, चुम्मा' खूब हिट हुआ। एक बार 90 के दशक में मेरा गाना सुनकर जया बच्चन ने मुझे सौ रुपए का पुरस्कार भी दिया था। संगीत की दुनिया के ऐसे गिने-चुने सितारों में शामिल सुदेश भोसले जिन्होंने बिना संगीत सीखे ही अपनी गायकी से पूरी दुनिया को दीवाना बना दिया था कहा, मुझे किसी की भी आवाज में गाना मुश्किल नहीं लगता। फिल्म 'सौदागर' का गीत 'इमली का बूटा' मैंने और मोहम्मद अजीज ने मिलकर गाया था। मेरा हिस्सा राजकुमार पर फिल्माया गया। इसी तरह गीत ''पी ले, पी ले, ओ मेरे राजा'' देखकर ऐसा लगता है कि राजकुमार साहब खुद गा रहे हैं।

# 'बालिका वधू' की ये एक्ट्रेस दूसरी बार बनेंगी मां



टीवी शो 'मेरी आशिकी तुम से ही' से जबरदस्त नेम फेम कमाने वाले स्मृति खन्ना और गौतम गुप्ता टीवी इंडस्ट्री के मोस्ट पॉपुलर और खूबसूरत कपल्स में से एक हैं। वहीं टीवी एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ कुछ ही घंटे पहले एक गुड न्यूज शेयर की है। स्मृति खन्ना दूसरी बार ह ैं। 33 की उम्र में मां बनने वाली उन्होंने अपने पति और अपनी बेटी के साथ पोस्ट शेयर करते हुए अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की अनाउंसमेंट की है। एक्ट्रेस ने जो तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है वह लोगों को बहुत पसंद आ रही है। वहीं स्मृति और गौतम को सेलिब्रिटी कमेंट बॉक्स में कपल को बधाइयां दे रहे हैं।'बालिका वधू' की एक्ट्रेस स्मृति खन्ना और गौतम गुप्ता जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। स्मृति ने बुधवार को इंस्टाग्राम के जरिए ये खबर शेयर करते हुए पहली बार अपना बेबी बंप दिखाया है। वहीं स्मृति खन्ना की बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें उनकी बेटी अनायका और उनका पेट डॉग लुकास भी दिखाई दे रहा है। स्मृति खन्ना ने प्यारी तस्वीरों के साथ एक लंबा सा नोट भी लिखा है, 'हमारी मुश्किल भरी जर्नी के बाद एक बहुत ही अच्छी खबर आपको दे रहे हैं हमारे परिवार में एक और सदस्य एंट्री करने वाला है। हमारी प्यारी बेटी अनायका उसकी बड़ी बहन बनने वाली है और हमारा लुकास सबसे अच्छा बड़ा भाई बनने वाला है। हमने इस पल का कई महीनों से सपना देखाना शुरू किया था और अब जाकर ये सपना पूरा हो गाय है।

# एक्स-हसबैंड अरबाज खान की इन हरकतों से नफरत करती मलाइका अरोड़ा





बॉलीवुड डीवा मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान के बेटे अरहान खान अपना एक शो डंब बिरयानी लेकर आए हैं। जिसमें वो अपनी फैमिली मेंबर से बात करते हुए और मस्ती करते हुए नजर आते हैं। शो के पहले एपिसोड को बहुत पसंद किया गया था और अब इसका दूसरा एपिसोड भी आ गया है। जिसमें अरहान और मलाइका एक-दूसरे से सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। इस एपिसोड को काफी पसंद किया जा रहा है। अरहान अपनी मां से अपने पापा को लेकर भी कई सवाल पूछते हैं। वो मलाइका से पूछते हैं कि उन्हें अरबाज की किन चीजों से नफरत हैं। मलाइका के जवाब की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान को अलग हुए कई साल हो चुके हैं। दोनों ही अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं और खुश हैं। हालांकि बेटे अरहान के लिए अरबाज और मलाइका हमेशा साथ आ जाते हैं। अरहान अपनी मां से पूछती हैं कि वो उन्हें अपने एक्स हसबैंड के बारे में क्या पसंद है और क्या नापसंद। मलाइका ने कहा- 'आपके हाव-भाव बिल्कुल उनके जैसे हैं। बहुत अट्रैक्टिव व्यवहार तो नहीं लेकिन वे बिल्कुल उनके जैसे हैं। आप बिल्कुल अपने पापा की तरह हो। आप उनकी तरह बेहद अनिर्णायक भी हो सकते हैं, जो कि मुझे बिल्कुल भी पसंद नहीं है।

# राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ED ने की जब्त, शिल्पा शेट्टी का फ्लैट भी शामिल

बिजनेसमैन राज कुंद्रा की पत्नी शिल्पा शेट्टी के जुहू स्थित फ्लैट समेत उनकी 97 करोड़ रुपये की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर ली है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक पोस्ट में घोषणा की है कि वह राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करेगा। गुरुवार दोपहर एक बयान में एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा, जिन्हें राज कुंद्रा के नाम से भी जाना जाता है, की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न करने के अपने फैसले की घोषणा की।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिसमें शिल्पा शेट्टी का फ्लैट भी शामिल है।**

बयान में कहा गया है, ईडी, मुंबई ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया है। संलग्न संपत्तियों में जुहू में स्थित आवासीय फ्लैट शामिल है जो वर्तमान में के नाम पर है। शिल्पा शेट्टी, पुणे में स्थित आवासीय बंगला और राज कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर। कुर्क की गई संपत्तियों में जुहू स्थित एक आवासीय फ्लैट शामिल है, जो वर्तमान में व्यवसायी की अभिनेत्री पत्नी शिल्पा शेट्टी के नाम पर पंजीकृत है। इसके अलावा पुणे स्थित एक आवासीय



बंगला और राज कुंद्रा के नाम से पंजीकृत इक्विटी शेयर भी कुर्की में शामिल किए गए हैं।

ईडी द्वारा की गई कार्रवाई कुंद्रा से जुड़ी कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों की चल रही जांच का हिस्सा है। मीडिया को दिए एक बयान में, केंद्रीय निकाय ने कहा कि उन्होंने मेसर्स वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड, स्वर्गीय अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। महेंद्र भारद्वाज और एमएलएम एजेंटों की संख्या।

एजेंसी के अनुसार, यह आरोप लगाया गया है कि 'भोली-भाली जनता' से बिटकॉइन के रूप में भारी मात्रा में धनराशि (2017 में ही 6600 करोड़ रुपये) एकत्र की गई थी, जिसमें 'फॉर्म में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे' शामिल थे। बिटकॉइन का बयान में कहा गया है कि एकत्रित बिटकॉइन का उपयोग बिटकॉइन खनन के लिए किया जाना था और निवेशकों को क्रिप्टो परिसंपत्तियों में भारी रिटर्न मिलना था। लेकिन प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से प्राप्त बिटकॉइन को अस्पष्ट ऑनलाइन वॉलेट में छुपा रहे हैं।

ईडी ने यह भी उल्लेख किया कि राज कुंद्रा को यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग फार्म स्थापित करने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मास्टरमाइंड और प्रमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त हुए थे। उक्त बिटकॉइन अमित भारद्वाज द्वारा भोले-भाले निवेशकों से एकत्र की गई अपराध की आय से प्राप्त किए गए थे। ईडी ने कहा, 'चूंकि सौदा सफल नहीं हुआ, कुंद्रा के पास अभी भी 285 बिटकॉइन हैं, जिनकी वर्तमान कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक है।'



# गौतमबुद्धनगर बनेगा विकसित भारत की पहचान : मुख्यमंत्री

## भाजपा प्रत्याशी डा.महेश शर्मा को तीसरी बार सांसद बनाने की जनता से की अपील

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के ककोड़ कस्बे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। साथ ही पांच सौ साल बाद भगवान राम ने अपने खुद के भव्य मंदिर में रामनवमी का त्यौहार मनाया। उन्होंने कहा कि कहा कि जब भी विकास की बात होती है तो तुलना नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के विकास से की जाती है। यह सब





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव नेशन फस्ट बनाम परिवार फस्ट का चुनाव है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 140 करोड़ का पूरे राष्ट्र का परिवार है। दूसरी तरफ सपा तथा बसपा के लोगों के लिए केवल अपना परिवार है। अब जनता को तय करना है कि वें जनता किसके साथ है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के ककोड़ में हुई जनसभा को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में डॉ. महेश

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में सीएम योगी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा सिकन्द्राबाद क्षेत्र को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गौतमबुद्धनगर विकसित भारत की पहचान बनेगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश की कमान संभालें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन रामनवमी को याद करते हुए शुरू किया। उन्होंने कहा कि कल पूरी दुनिया ने रामनवमी का त्यौहार मनाया। वर्ष-2014 से पहले हर भारतवासी को चिंता हो रही थी कि अब हमारे देश का क्या होगा? मात्र 10 साल में ना केवल भारत का हर नागरिक आनंद में है बल्कि पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा-370 का खात्मा करके इतिहास रचा गया है। भारत की धरती से आतंकवाद व नक्सलवाद का खात्मा किया गया है।

जनसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना क्षेत्र पूरे देश में विकास के नए मानक बन गए हैं। इस क्षेत्र की प्रति व्यक्ति आमदनी सबसे अधिक है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कारण ही संभव हो पाया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। इस एयरपोर्ट से देश तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। साथ ही जेवर एयरपोर्ट का सबसे ज्यादा फायदा सिकन्द्राबाद, खुर्जा, ग्रेटर नोएडा तथा नोएडा की जनता को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त में ईलाज करा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास के इतने काम हुए जितने कामों की किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने बताया कि सीएमज योगी के प्रयास से गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास का काम हुआ है। डा. महेश शर्मा ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता का कर्जदार हूं। कर्ज इतना बड़ा है कि यदि मैं अपने शरीर की खाल की जूती बनाकर क्षेत्र की जनता के पैरों में पहना दूं तो इस क्षेत्र की जनता का कर्ज नहीं उतार सकता हूं। जनसभा में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, श्रीचंद शर्मा, बुलंदशहर के भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, गौतमबुद्धनगर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, लक्ष्मीराज सिंह, मीनाक्षी सिंह, अतुल तेवतिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान, आरपी सिंह, पंकज प्रधान, रालोद के जिलाध्यक्ष जर्नादन भाटी सहित बड़ी संख्या में नोएडा ग्रेटर नोएडा के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चुनाव में सब बन जाएं डॉ. महेश शर्मा

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, सिकन्द्राबाद तथा खुर्जा की जनता को बड़ा गुरूमंत्र दिया है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में 26 अप्रैल को मतदान के दिन तक गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को डा. महेश शर्मा बनकर काम करना है। ऐसा करने से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव में प्रत्याशी घर-घर नहीं जा सकता है। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है। चुनाव के 14 दिन के समय में घर-घर जाना संभव नहीं है। इसलिए चुनाव यानि 26 अप्रैल तक गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता, भाजपा के समर्थक, नरेन्द्र मोदी को चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डा. महेश शर्मा बनना पड़ेगा। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता से हाथ उठवाकर सहमति ली कि वें डा. महेश शर्मा को तीसरी बार सांसद बनाकर लोकसभा में जरूर भेजेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद डा. महेश शर्मा की मुक्तकंठ से सराहना की।**

---

# सलारपुर खादर में चला बुल्डोजर

## 72 करोड़ की 15 हजार वर्गमीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने सालारपुर खादर में बुलडोजर चलाकर करीब 15000 मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया। इस जमीन की बाजारी कीमत तकरीबन 72 करोड रुपए बताई जा रही है।



नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की वर्क सर्किल-6 की टीम ने सलारपुर में खादर की खसरा संख्या 781, 782, 893, 894 तथा सेक्टर-71 के हनुमान मूर्ति के सामने गांव सलारपुर की खसरा संख्या-595, 596, 597, 598 पर अतिक्रमण को ढहा दिया। कुछ लोगों ने इस अभियान का विरोध किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे उनकी नहीं चली।

बताया जाता है कि करीब 15000 वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण करके लोग निर्माण कर रहे थे तथा टीन लगाकर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इन सभी कब्जा को ढहा दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि अवैध कब्जे के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

---

# नोएडा के लाड़ले बेटे तथा बेटियों को पुलिस कमिश्नर ने दी शाबाशी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा के लाड़ले बेटे तथा बेटियों को शाबाशी दी है। नोएडा क्षेत्र के जिन बेटे तथा बेटियों ने यूपीएससी 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल की है वे सभी बेटे तथा बेटियां पूरे नोएडा क्षेत्र के लिए लाड़ले बन गए हैं।







नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने यूपीएससी 2023 की परीक्षा में नोएडा का नाम रोशन करने वाले अभ्यार्थियों की हौंसला अफ्जाई की और उन्हें प्रशासनिक सेवा में अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी-2023) की परीक्षा में नोएडा शहर का नाम रोशन करने वाली वरदाह खान, शैफाली अवाना और आयुष मणि चौधरी से नोएडा के सेक्टर-108 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में सफल वरदाह खान, शैफाली अवाना और आयुष मणि चौधरी को उपहार भेंट कर उन्हें देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करने पर बधाई दी और सिविल सेवा में आने पर उनका स्वागत किया। नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सच्चाई के साथ तीनों कार्य करें तथा देश के विकास में अपना योगदान दें।

उप्र के नोएडा के सेक्टर-82 स्थित विवेक विहार में रहने वाली वरदाह खान ने यूपीएससी-2023 की परीक्षा में 18वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) का चयन किया है। वरदाह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज से ऑनर्स में स्नातक किया है। उनके पिता अब्दुल रहमान का 9 साल पहले निधन हो चुका है।

यूपीएससी परीक्षा में 172वीं रैंक प्राप्त करने वाली नोएडा के हरौला की रहने वाली शैफाली अवाना ने पूर्व में यूपीएससी परीक्षा से मिली असफलता के आगे हथियार नहीं डाले और कड़ी मेहनत करती रही। शैफाली अवाना ने 172वीं रैंक हासिल कर भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) का चयन किया है। शैफाली के पिता सतीश अवाना दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी हैं। शैफाली की इस सफलता पर पूरा नोएडा व हरौला के निवासी खुश है।

नोएडा के एक और बेटे ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूपीएससी 2023 में 723वीं रैंक हासिल करने वाले आयुष मणि चौधरी ने सेल्फ स्टडी कर यूपीएससी की जंग जीती है। नोएडा के सेक्टर-78 में वेलेसिया महागुन मजारिया सोसायटी के निवासी आयुष मणि ने अपने दूसरे प्रयास में सफलता हासिल की है। आयुष आईआईटी भुवनेश्वर से बी-टेक और एम-टेक करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों में जुट गए और सेल्फ स्टडी करके इस कठिन परीक्षा को पास कर लिया।

---

# उठो, जागो, करो मतदान- घर-घर यही पैगाम!

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकतंत्र के महापर्व में आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी मतदाता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपने मतदान का प्रयोग करें इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर गौतमबुद्धनगर में वृहद स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया।







स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनकी टीम के अधिकारियों द्वारा जनपद में कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि आने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। स्वीप टीम के अधिकारियों द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 39 नोएडा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वीप टीम के साथ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता, डायरेक्टर वाईएसएस फाउंडेशन सचिन गुप्ता, समस्त स्टाफ व एन सी सी की छात्राएं उपस्थित रहे। स्वीप अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लोकतंत्र में भागीदारी के लिए 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और अपने माता-पिता, परिवारजन व पड़ोसियों को मतदान केंद्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। सभी एनसीसी की छात्राएं प्रथम बार मतदान करने के लिए उत्साहित थी। छात्राओं ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं मतदाता की शपथ ली तत्पश्चात मतदाता स्टीकर चस्पा किये गये।

स्वीप टीम से दिशा चौधरी एवं शबनम अधाना द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ डायरेक्टर ऑर्लियन कॉलेज ऑफ फार्मेसी ग्रेटर नोएडा डॉ मानस कुमार दास के सहयोग से संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

फ़ार्मेसी के सभी प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। 'उठो, जागो, करो मतदान' संदेश के साथ स्वीप टीम से दिशा चौधरी तथा शबनम अधाना ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ प्रिंटिंग पैकेजिंग टेक्नोलॉजी ( IIPPT) में संस्थान के डायरेक्टर डॉ जितेश खत्री के सहयोग से कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसरों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

स्वीप टीम ज़ेवर मोहित गर्ग द्वारा शांति देवी राजकीय महाविद्यालय जेवर में स्वीप के सदस्य महेश कुमार, जगवीर शर्मा, ललित त्यागी द्वारा विधानसभा दादरी क्षेत्र में मजदूर वर्ग को 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# वोटर लिस्ट में नाम व पोलिंग स्टेशन चेक करने के बाद वोट देने निकले

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद के मतदाता वोटर लिस्ट में कैसे अपना नाम, बूथ चेक करें एवं कैसे डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड करें आदि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की।



नोएडा के सेक्टर-27 स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा कर सकें इसके लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए कि मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने पर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन पर मतदान के लिए घर से निकले। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में अपना नाम, पोलिंग स्टेशन आदि ऑनलाइन चेक करने की प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बहुत सरल किया गया है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा बताया गया कि संबंधित अधिकारियों एवं स्वीप अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को वोटर लिस्ट में अपना नाम, पोलिंग स्टेशन चेक करने एवं डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड के संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूक किया जा रहा है। वोटर लिस्ट में अपना नाम ऑनलाइन चेक करने की प्रक्रिया को आसान किया गया है, इसके लिए मतदाता आधिकारिक वेबसाइट https://electoralsearch.eci.gov.in पर जाए। यहां सर्च बाय ईपीआइसी (search by EPIC) के विकल्प पर क्लिक करें। क्लिक करने पर निचे एक पेज ओपन होगा, जहां पर भाषा सलेक्ट कर वोटर आईडी कार्ड पर मौजूद ईपीआइसी नंबर दर्ज करें और अपना राज्य सलेक्ट करें तथा कैप्चा कोड दर्ज करने के बाद सर्च बटन पर क्लिक करें। स्क्रीन पर वोटर लिस्ट में अपका नाम है या नहीं इसकी जानकारी मिल जाएगी।

पोलिंग स्टेशन सर्च करने के लिए मतदाता https://electoralsearch.eci.gov.in/pollingstation वेबसाइट पर ईपीआइसी नंबर दर्ज कर एवं कैप्चा भरने के उपरांत सर्च बटन पर क्लिक करें, इसके बाद मतदाताओं को स्क्रीन पर पोलिंग स्टेशन की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।

डिजिटल वोटर आईडी कार्ड को डाउनलोड करने के लिए मतदाता सबसे पहले आधिकारिक मतदाता सेवा पोर्टल (https://voter.eci.gov.in) पर स्वयं को रजिस्टर्ड करें। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बाद लॉगइन करें। लॉगइन करने के उपरांत ई-ईपीआईसी डाउनलोड(E-EPIC download) के विकल्प पर क्लिक करने के बाद ईपीआइसी नंबर या फार्म रेफरेंस नंबर में से किसी एक को सलेक्ट करें। यदि ईपीआइसी नंबर को सलेक्ट करते हैं तो वह नंबर दर्ज करने के बाद अपना राज्य चुनें एवं सर्च बटन पर क्लिक करें। क्लिक करने को उपरांत वोटर आईडी की डिटेल स्क्रीन पर दिखाई देगी। अब सेंड ओटीपी बटन पर टैप करें, इसके बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा, जिसे दर्ज करना होगा।

यदि आपका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नहीं है तो वेबसाइट पर फॉर्म 8 भरना होगा। ओटीपी वेरीफाई करने के बाद डाउनलोड ई-ईपीआइसी बटन पर क्लिक करके डिजिटल वोटर आईडी को डाउनलोड कर सकते हैं एवं मतदाता इसकी मदद से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।